छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज की गृह पत्रिका

संकल्प

फरवरी 2026 | वर्ष 23 | अंक 01





डबल इंजन डबल एनर्जी

- वर्ष 2030 तक 500 गीगावॉट अक्षय ऊर्जा क्षमता विकसित करने का लक्ष्य
- अटल बिहारी ताप विद्युत गृह के जलाशय में 6 मेगावॉट फ्लोटिंग सोलर
- कोरबा पूर्व के बंद राखड़ बांध पर 32 मेगावॉट सौर संयंत्र
- 500 मेगावॉट - ऑवर बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम





विद्युत विकास के बढ़ते कदम

विवरण	नवम्बर 2000	फरवरी 2026
ताप विद्युत क्षमता	1,240 मेगावॉट	2,840 मेगावॉट
जल विद्युत क्षमता	120 मेगावॉट	138.70 मेगावॉट
कुल ताप, जल विद्युत क्षमता	1,360 मेगावॉट	2,978 मेगावॉट
अति उच्चदाब उपकेन्द्रों की संख्या	27 नग	137 नग
अति उच्चदाब लाइनों की लंबाई	5,205 सर्किट किमी	15,006 सर्किट किमी
400 केवी उपकेन्द्र की संख्या	1 नग	5 नग
400 केवी उपकेन्द्र की क्षमता	945 एमवीए	4,410 एमवीए
400 केवी लाइन की लंबाई	277 किमी	1,965 किमी
220 केवी उपकेन्द्र की संख्या	5 नग	27 नग
220 केवी उपकेन्द्र की क्षमता	1,350 एमवीए	11,280 एमवीए
220 केवी लाइन की लंबाई	1594.30 किमी	4,458 किमी
132 केवी उपकेंद्र की संख्या	20 नग	105 नग
132 केवी उपकेंद्र की क्षमता	1,257 एमवीए	12,239 एमवीए
132 केवी लाइन की लंबाई	2,974 किमी	8,583 किमी
33/11 केवी उपकेन्द्र की संख्या	248 नग	1,492 नग
33/11 केवी उपकेन्द्रों की क्षमता	1,033 एमवीए	10,227 एमवीए
33 केवी लाइन की लंबाई	6,988 सर्किट किमी	26,086 सर्किट किमी
11/04 केवी उपकेन्द्र की संख्या	29,692 नग	2,56,868 नग
11/04 केवी उपकेन्द्र की क्षमता	1,951 एमवीए	15,086 एमवीए
11 केवी लाइन की लंबाई	40,556 किमी	1,45,545 किमी
निम्नदाब लाइन की लंबाई	51,314 किमी	2,45,126 किमी
उपभोक्ताओं की संख्या निम्नदाब	18,90,998	66,10,128
उपभोक्ताओं की संख्या उच्चदाब	530	4,305
विद्युतीकृत पंपों की संख्या (प्रावधिक)	73,369	6,10,462
अस्थायी पंपों की संख्या	–	2,25,638
ग्रामीण विद्युतीकरण संख्या	17,108	19,609
अधिकतम मांग	1,334 मेगावॉट	6282 मेगावॉट

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज़ की गृह पत्रिका

संकल्प

फरवरी 2026 | वर्ष - 23 | अंक-1

संरक्षक



श्री सुबोध कुमार सिंह IAS
माननीय अध्यक्ष
सीएसपीटीसीएल



डॉ.रोहित यादव IAS
माननीय अध्यक्ष
सीएसपीजीसीएल / सीएसपीडीसीएल



श्री एस.के. कटियार
प्रबंध निदेशक
सीएसपीजीसीएल



श्री आर.के. शुक्ला
प्रबंध निदेशक
सीएसपीटीसीएल



श्री भीम सिंह कंवर
प्रबंध निदेशक
सीएसपीडीसीएल

संपादक



उमेश कुमार मिश्र
अति. महाप्रबंधक, जनसंपर्क

संपादन सहयोग - गोविन्द पटेल, अनामिका मण्डावी

छाया : संजय टेम्भे

कार्यालय सहयोग : सारिका साहू , प्रसन्न कुमार दुबे, शुभम बंछोर

फोन : 0771-2574702, 98936-24511
E-mail : procsphcl@gmail.com, powercomu01@gmail.com

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के लिए, कार्यालय अतिरिक्त महाप्रबंधक (जनसंपर्क) द्वारा प्रकाशित। प्रमाणित किया जाता है कि पत्रिका के अंदर के पृष्ठों में 90 जीएसएम आर्ट पेपर (सिनारमास) और कवर पृष्ठों में 250 जीएसएम आर्ट पेपर (सिनारमास) का उपयोग किया गया है- मुद्रक : मयंक ऑफसेट प्रिंटर्स, रायपुर

क्रम



छत्तीसगढ़ ऊर्जा के क्षेत्र में सतत् भविष्य की ओर 02
नये युग के भारत के निर्माण में नये प्रणालियों को अपनाने तत्पर 04
निर्बाध और निरंतर बिजली आपूर्ति करने वाले कर्मी पुरस्कृत 07
प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में मनाया गया गणतंत्र दिवस 10
पॉवर कंपनी मुख्यालय परिसर में बायोमैट्रिक उपस्थिति प्रणाली शुरू 12
परिचयावली 13
बिजली निःशुल्क योजनाओं का अभिसरण देश का पहला कार्य 14
'बिजलीकर्मियों ने 60 साल पुरानी मशीन को किया पुनर्जीवित' 16
'अब व्हाट्सएप पर भेजा जाएगा बिजली बिल' 17
'एपीके फाइल के जरिए हो रही ठगी, रहें सतर्क' 19
श्री भीम सिंह कंवर द्वारा भिलाई में दो स्मार्ट मीटर बेंच का उद्घाटन 20
खदान संचालन में पॉवर जनरेशन कंपनी लगातार पांचवें वर्ष अव्वल 21
लाइन परिचारकों के मानदेय में बड़ा इजाफा, पेट्रोल भत्ता भी 21
स्पोर्ट्स न्यूज : राष्ट्रीय स्तर खेल प्रतियोगिता 22
प्रदेश भर में छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 26

उत्पादन, पारेषण, वितरण... डबल होगी ऊर्जा अधोसंरचना - डॉ. रोहित यादव



प्रदेश में ऊर्जा विस्तार की व्यापक रूपरेखा और आगामी कार्ययोजना पर साझा की जानकारी

ऊर्जा विभाग के सचिव डॉ. रोहित यादव ने 19 फरवरी को नया रायपुर स्थित छत्तीसगढ़ संवाद के ऑडिटोरियम में पत्रकारों के साथ ऊर्जा विभाग की उपलब्धियों और आगामी योजनाओं पर विस्तार से अपने विचार साझा किए। उन्होंने बताया कि प्रदेश में ऊर्जा उत्पादन, पारेषण और वितरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है तथा आने वाले वर्षों के लिए एक व्यापक कार्ययोजना पर तेजी से काम किया जा रहा है।

डॉ. यादव ने जानकारी दी कि वर्तमान में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी, एनटीपीसी तथा निजी उत्पादकों को मिलाकर प्रदेश की कुल स्थापित विद्युत क्षमता 30 हजार 671.7 मेगावाट है। इसमें 28

हजार 824 मेगावाट ताप विद्युत, 220 मेगावाट जल विद्युत तथा सोलर, बायोमास आदि स्रोतों से 2,047 मेगावाट क्षमता शामिल है। ताप विद्युत क्षेत्र में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी की 2,840 मेगावाट, एनटीपीसी व निजी स्वामित्व के बिजलीघरों की 20 हजार 299 मेगावाट तथा कैप्टिव पॉवर प्लांट्स की 5 हजार 266 मेगावाट क्षमता है।

डॉ. यादव ने कहा कि भारत सरकार का फोकस ताप विद्युत पर निर्भरता कम कर कार्बन उत्सर्जन घटाने पर है। नेट जीरो कार्बन लक्ष्य के



तहत वर्ष 2030 तक 500 गीगावाट अक्षय ऊर्जा क्षमता विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है, जिससे देश की 50 प्रतिशत ऊर्जा आवश्यकता नवीकरणीय स्रोतों से पूरी की जा सके। इस दिशा में जल विद्युत एवं पंप स्टोरेज परियोजनाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, जो ग्रिड संतुलन बनाए रखने में सहायक होगी।

राज्य शासन द्वारा पंप स्टोरेज आधारित जल विद्युत परियोजनाओं को बढ़ावा देने के लिए नीति 2023 लागू की गई है। इसके तहत छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी द्वारा 8,300 मेगावाट क्षमता के छह स्थलों का चिन्हांकन किया गया है, जिनमें से पांच के फिजिबिलिटी रिपोर्ट तैयार हो चुकी है और डीपीआर निर्माणाधीन है। निजी क्षेत्र में भी लगभग 5,000 मेगावाट क्षमता की परियोजनाओं पर कार्य जारी है।

ऊर्जा सचिव डॉ. यादव ने बताया कि नवीकरणीय ऊर्जा विस्तार के तहत एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड एवं राज्य उत्पादन कंपनी के संयुक्त उपक्रम द्वारा लगभग 2 हजार मेगावाट क्षमता की परियोजनाएं विकसित की जा रही हैं। इनमें अटल बिहारी ताप विद्युत गृह के जलाशय में 6 मेगावाट फ्लोटिंग सोलर, कोरबा पूर्व के बंद राखड़ बांध पर 32 मेगावाट सौर संयंत्र तथा 500 मेगावाट-ऑवर बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम की स्थापना प्रस्तावित है। ऊर्जा सचिव ने बताया कि प्रदेश को देश की ऊर्जा राजधानी बनाने की दिशा में 32 हजार 100 मेगावाट क्षमता की नई परियोजनाओं हेतु विभिन्न संस्थाओं के साथ एमओयू किए गए हैं। इन परियोजनाओं में 12 हजार 100 मेगावाट ताप विद्युत, 4 हजार 200 मेगावाट न्यूक्लियर, 2 हजार 500 मेगावाट फ्लोटिंग सोलर तथा 13 हजार 300 मेगावाट पंप स्टोरेज क्षमता शामिल है। इन सभी परियोजनाओं के माध्यम से लगभग 3.4 लाख करोड़ रुपये के निवेश का मार्ग प्रशस्त हुआ है, जिसमें कई प्रमुख संस्थाएं भागीदार हैं।

डॉ. यादव ने बताया कि छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी द्वारा कोरबा पश्चिम में 660-660 मेगावाट की दो सुपर क्रिटिकल इकाइयों एवं मड़वा में 800 मेगावाट की इकाई स्थापित करने की दिशा में कार्य प्रगति पर है। पारेषण क्षेत्र में उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए डॉ. यादव ने कहा कि दिसंबर 2023 से जनवरी 2026 के बीच उपकेंद्रों की संख्या 132 से बढ़कर 137 हो गई है। ट्रांसफार्मरों की कुल क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है तथा 132 केवी लाइनों में पुराने कंडक्टरों को उच्च क्षमता वाले एचटीएलएस कंडक्टर से बदला जा रहा है। साथ ही 5 हजार 200 किमी ऑप्टिकल फाइबर ग्राउंड वायर का इंस्टॉलेशन पूर्ण कर 131 उपकेंद्रों को डिजिटल संचार नेटवर्क से जोड़ा गया है।

वितरण क्षेत्र में प्रगति पर प्रकाश डालते हुए ऊर्जा सचिव ने बताया कि प्रदेश में उपभोक्ताओं की संख्या 65 लाख से अधिक हो गई है। विगत दो वर्षों में हजारों किमी नई लाइनें, उपकेन्द्र एवं ट्रांसफार्मर स्थापित किए गए हैं। जनहितकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना, पीएम कुसुम, डॉ. खूबचंद बघेल किसान विद्युत



> छत्तीसगढ़ प्रदेश को ऊर्जा राजधानी बनाने की दिशा में ऊर्जा विभाग अधीनस्थ सभी संस्थाओं द्वारा कार्ययोजना बनाया गया है। जिसे माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में पूरा करने की दिशा में हम आगे बढ़ रहे है। यह योजनाएं प्रदेश को ऊर्जा का केन्द्र बनाने के साथ आर्थिक समृद्धि को दर्शाता है।
>
> **- डॉ. रोहित यादव**

सहायता योजना एवं बीपीएल उपभोक्ताओं को मुफ्त बिजली जैसी योजनाओं से लाखों परिवार लाभान्वित हो रहे हैं। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विद्युतीकरण हेतु नियद नेल्ला नार योजना के अंतर्गत सैकड़ों गांवों तक बिजली पहुंचाई गई है।

क्रेडा की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए ऊर्जा सचिव ने बताया कि विगत दो वर्षों में 26 हजार 794 सोलर सिंचाई पंप, 7 हजार 833 सोलर पेयजल पंप तथा 1 हजार 709 सोलर हाईमास्ट स्थापित किए गए हैं। आगामी वर्षों में ऑफग्रिड सोलर प्लांट्स एवं रूफटॉप सौर संयंत्रों के विस्तार की कार्ययोजना पर भी कार्य जारी है। डॉ. यादव ने कहा कि ऊर्जा क्षेत्र में संतुलित मिश्रण, तकनीकी आधुनिकीकरण एवं नवीकरणीय ऊर्जा विस्तार के माध्यम से छत्तीसगढ़ को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर एवं अग्रणी राज्य बनाने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इस दौरान पत्रकारों के सवालों के भी विस्तृत उत्तर दिए और विभाग की आगामी 03 वर्षों की कार्य योजना साझा की।

इस दौरान सीएसपीजीसीएल के एमडी श्री एस के कटियार, सीएसपीटीसीएल के एमडी श्री राजेश कुमार शुक्ला, सीएसपीडीसीएल के एमडी श्री भीम सिंह कंवर सहित वरिष्ठ विभागीय अधिकारीगण मौजूद रहे।

नई प्रणालियों से करेंगे
ऊर्जा का विकास -डॉ. रोहित यादव



गणतंत्र दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज मुख्यालय डंगनिया में प्रदेश के ऊर्जा सचिव तथा छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन एवं जनरेशन कंपनी के अध्यक्ष डॉ. रोहित यादव ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया तथा सुरक्षा अमले का निरीक्षण कर परेड की सलामी ली।



इस अवसर पर डॉ. यादव ने कहा कि ई-ऑफिस और बायोमेट्रिक अटेंडेंस प्रणाली को जिस तेजी और कुशलता के साथ पॉवर कंपनी में लागू किया गया है, वह सराहनीय है। ई-ऑफिस के माध्यम से तीनों पॉवर कंपनियों के कामकाज में पारदर्शिता आई है। मैं चाहूंगा कि ई-फाइलिंग प्रणाली को निचले स्तरों तक आगे बढ़ाया जाये और इसके माध्यम से विभिन्न कार्यालयों की दक्षता और कार्यकुशलता के लिए स्वस्थ प्रतियोगिता शुरू की जाये। ई-ऑफिस में सर्वश्रेष्ठ कार्य-निष्पादन करने वाले कार्यालय को रनिंग ट्राफी प्रदान की जायेगी। उन्होंने बहुत सारे नवाचारों में अपने को ढालने और नये लक्ष्यों की पूर्ति में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करने हेतु तारीफ की। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी की देश के अन्य राज्यों के बीच रैंकिंग में सुधार और 'बी' से 'ए' ग्रेड हासिल करने पर उन्होंने वितरण कंपनी के अच्छे कार्यों का परिणाम बताया और लक्ष्य दिया कि हमें 'ए प्लस' ग्रेड हासिल करके देश की सर्वश्रेष्ठ पॉवर कंपनियों में शुमार होना है। इस अवसर पर प्रबंध निदेशक (जनरेशन) श्री एस.के. कटियार, प्रबंध निदेशक (ट्रांसमिशन) श्री राजेश कुमार शुक्ला एवं प्रबंध निदेशक (डिस्ट्रीब्यूशन) श्री भीमसिंह कंवर उपस्थित थे।



डॉ. यादव ने कहा कि हमारा महान संविधान, हमारे गौरवशाली लोकतंत्र की बुनियाद है। हमारा संविधान ही हमारे लोकतंत्र का जनक और शक्तिदाता है। यह लोक-कल्याणकारी राज्य की अवधारणा का भी पालक और पोषक रहा है और इसी की बदौलत हमारे देश में चहुंमुखी विकास हुआ है।

हमारे संवैधानिक मूल्यों के कारण ही "हम भारत के लोग" एक राष्ट्र के रूप में आज दुनिया की महाशक्तियों में अपना स्थान बनाने में सफल हुए हैं।

इसलिए आज, हम सब, प्राणों से प्यारे हमारे राष्ट्रीय ध्वज, तिरंगे की छांव में एकत्र होकर, अपने देश की आजादी, संविधान, लोकतंत्र के प्रति श्रद्धा और समर्पण को दोहरा रहे हैं।

हमें हमेशा याद रहता है कि भारत को आज के मुकाम में पहुंचने में अनेक अमर शहीदों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, संविधान निर्माताओं, विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिभावान हस्तियों, नेतृत्वकर्ताओं, सेना के जवानों और सुरक्षा बलों का अमूल्य योगदान रहा है। इस पावन अवसर पर मैं उन सबको सादर नमन करता हूं।

साथियों, देश की आजादी, संविधान, लोकतंत्र ऐसी उपलब्धियां हैं जो हमें हर दिन-हर पल नए प्रयासों और नई उपलब्धियों के लिए प्रेरित करती हैं। यह हमारी चेतना को जीवित और जागृत रखती हैं।

आज मुझे यह कहते हुए बहुत खुशी है कि पिछले दिनों हमने तीनों कंपनियों की कार्यप्रणाली में सुधार के लिए जो नये पैमाने बनाये थे, नये लक्ष्य रखे थे। उन्हें बहुत हद तक पूरा करने में हम सफल हुए हैं।

डॉ. यादव ने कहा कि हमने "ई-ऑफिस" को कारगर ढंग से शुरू और संचालित कर लिया है। मुख्यालय स्तर पर "बायोमेट्रिक अटेंडेंस सिस्टम" शुरू कर लिया गया है, जिसे क्रमशः अन्य कार्यालयों में भी लागू किया जाएगा। इसके अलावा प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत भी दो महत्वपूर्ण नवाचार किये गये है। कोरबा जिले के ग्राम गुडरूमुड़ा में विशेष पिछड़ी जनजाति के परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना के साथ सोलर रूफटॉप संयंत्र भी निःशुल्क दिये गये है। हमारा यह पायलट प्रोजेक्ट देश में अग्रणी है। इसी तरह रायपुर में ही फ्लैट में रहने वाले लोगों के लिए वर्चुअल नेट मीटरिंग का सफल प्रयोग किया गया है। हमने अलग-अलग विभागों के लिए कुछ लक्ष्य दिये थे जिसे आप लोगों ने पूरा किया। इससे मेरे मन में यह विश्वास भी मजबूत हुआ है कि आप लोग रिफॉर्म, नई प्रणालियों को अपनाने को तत्पर रहते हैं। इस सकारात्मक रुख के लिए मैं आप सभी की सराहना करता हूं।

हाल ही में छत्तीसगढ़ राज्य तथा छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज की रजत जयंती मनाई गई। इस अवसर पर हमारी तीनों पॉवर कंपनियों के विकास और राज्य के विकास में इनकी भूमिका को भी बड़े सम्मान के साथ रेखांकित किया गया। यह पूरा श्रेय मैं आप सभी को, सेवानिवृत्त कर्मियों को तथा आपके परिवारजनों को अंतरित करता हूं।

केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण की एक ताजा रिपोर्ट में बताया गया है कि इस वित्तीय वर्ष के 9 महीनों में हमारे ताप बिजलीघरों का पीएलएफ लगभग 75 प्रतिशत रहा है जो देश के सभी राज्यों में तीसरे स्थान पर है। सिर्फ दिसम्बर माह में 87 प्रतिशत से अधिक पीएलएफ दर्ज करने का नया कीर्तिमान भी स्थापित किया गया है।

हर्ष का विषय है कि हमारी पॉवर कंपनी 660-660 मेगावाट के सुपर क्रिटिकल थर्मल पॉवर स्टेशन की दो इकाइयां स्थापित करने की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रही है।

पर्यावरण सम्मत जल विद्युत क्षमता बढ़ाने के लिए हम अभी तक 6 स्थानों पर 8 हजार 300 मेगावाट क्षमता के पंप स्टोरेज आधारित हाईडल पॉवर प्रोजेक्ट के एमओयू कर चुके हैं जिसमें से 5 का साध्यता प्रतिवेदन मिल गया है तथा डीपीआर बनाने का काम प्रगति पर है।

मड़वा के बिजलीघर परिसर में 300 किलोवाट का रूफटॉप सोलर पॉवर प्लांट स्थापित किया गया है। इसके साथ ही बड़े पैमाने पर बैटरी स्टोरेज सोलर पॉवर प्लांट, फ्लोटिंग सोलर पॉवर प्लांट स्थापित करने के दिशा में भी हम आगे बढ़ रहे हैं।

डॉ. यादव ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ को ऊर्जा उत्पादन की राष्ट्रीय राजधानी के रूप में विकसित करने की मंशा प्रकट की है। जिसके तहत छत्तीसगढ़ में पहली बार परमाणु ऊर्जा आधारित बिजलीघर की स्थापना की पहल भी की गई है। बिजली उत्पादन के विभिन्न विकल्पों को समाहित करते हुए राज्य शासन के अतिरिक्त विभिन्न संस्थाओं को भी भागीदार बनाया गया है। जिससे भविष्य में छत्तीसगढ़ में लगभग 38 हजार मेगावाट अतिरिक्त विद्युत उत्पादन हो।

बिजली के उत्पादन तथा उपलब्धता में वृद्धि के साथ पारेषण क्षमता में विस्तार की दूरदर्शी सोच आवश्यक होती है। छत्तीसगढ़ में इसी दूरदर्शिता के साथ पारेषण अधोसंरचना का विकास किया जा रहा है। पारेषण प्रणाली में ट्रांसफार्मरों की क्षमता 27 हजार 883 एम.वी.ए. पारेषण लाइनों की लंबाई 14 हजार 730 सर्किट किलोमीटर तक पहुंचना तथा केन्द्रीय ग्रिड से पॉवर हस्तांतरण की



फैसले लेते रहे हैं। हमने सेवाओं का सम्मान करते हुये पदोन्नति प्रक्रिया को सुगम बनाया है और इसका लाभ भी बड़े पैमाने पर दिया है। इसी क्रम में अब लाइन परिचारकों का मानदेय 33 प्रतिशत बढ़ाया गया और उन्हें पहली बार पेट्रोल भत्ता देने का निर्णय भी लिया गया है।

अंत में एक बार फिर मैं यह याद दिलाना चाहूंगा कि हमारे संविधान की प्रस्तावना में जो "हम भारत के लोग" का उल्लेख है वह हम सबको न केवल व्यापक नागरिक अधिकारों और कर्तव्यों से जोड़ता है बल्कि जनहितकारी राष्ट्रीय योजनाओं और कार्यक्रमों की सफलता में हमारी भागीदारी का भी आह्वान करता है।



क्षमता 4 हजार 930 मेगावाट तक पहुंच जाना हमारे सतत् प्रयासों का परिणाम है।

इन्हीं वजहों से प्रदेश की पारेषण हानि जो कि वर्ष 2024-25 में 3.29 प्रतिशत थी वह घट कर राज्य नियामक आयोग द्वारा निर्धारित लक्ष्य 3 प्रतिशत के मुकाबले सितम्बर 2025 तक 2.74 प्रतिशत दर्ज की गई है। उपलब्धता सूचकांक निर्धारित लक्ष्य 99 प्रतिशत के मुकाबले 99.77 प्रतिशत आ गया है।

नये लक्ष्यों की ओर देखें तो अति उच्च दाब के 71 उपकेन्द्रों में से 4 का निर्माण पूरा हो गया है तथा 67 का कार्य विभिन्न चरणों पर प्रगति पर है जो समय पर पूरा किया जायेगा।

प्रदेश में विद्युत प्रदाय की गुणवत्ता और विश्वसनीयता में लगातार बढ़ोतरी के कारण ही उपभोक्ताओं की संख्या विगत 25 वर्षों में साढ़े 3 गुना बढ़ गई है। वहीं बिजली की मांग 5 गुना से अधिक बढ़ कर 7 हजार 6 मेगावाट दर्ज की गई। इस तरह अब 65 लाख 60 हजार 184 उपभोक्ताओं की सेवा और संतुष्टि हमारे लिए सबसे बड़ी चुनौती भी है और लक्ष्य भी है। भौगोलिक विस्तार और उपभोक्ताओं की आवश्यकताओं के अनुपात में वितरण अधोसंरचना में कई गुना विस्तार किया गया है। विगत दो वर्षों में वितरण कंपनी ने 28 नये मैदानी कार्यालय शुरू किये हैं।

हमारी वितरण कंपनी ने शत-प्रतिशत ग्रामीण विद्युतीकरण कर लिया है और अब मजरा-टोला के साथ, हर घर में बिजली पहुंचाने के लिए पूरे समर्पण से कार्य कर रही है। 13 हजार 500 मजरा-टोलों, प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी महान्याय अभियान (पीएम जनमन) के तहत अत्यंत पिछड़ी जनजातियों के 7 हजार 160 घरों, धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत 4 हजार 991 घरों तथा नियद नेल्लानार योजना के तहत 14 हजार 805 घरों में बिजली पहुंचा दी गई है। बचे हुए मजरा-टोलों और घरों में भी बिजली पहुंचाने को प्राथमिकता दी गई है।

डॉ. यादव ने कहा कि इसी के साथ भारत सरकार की प्राथमिकता वाली योजनाओं पर हम पूरा ध्यान दे रहे हैं। प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना, कुसुम योजना, स्मार्ट मीटरिंग योजना ऐसी राष्ट्रीय पहल हैं जो बहुत ही व्यापक तौर पर पर्यावरण सुरक्षा, प्राकृतिक संसाधनों, सार्वजनिक धन की बचत, पारदर्शिता और आम बिजली उपभोक्ता के हित में है। मैं चाहूंगा कि आप सब लोग सौर ऊर्जा और स्मार्ट मीटरिंग के ब्रांड एम्बेसेडर बनें। यह जुड़ाव आपके विभागीय दायित्वों के अलावा "सर्वजन हिताय-सर्वजन सुखाय" की भावनाओं से ओतप्रोत होने के कारण आपके जीवन को भी सार्थकता प्रदान करेगा।

कर्मचारी हित को प्रबंधन ने सदैव अपनी जिम्मेदारी माना है और यथासमय सकारात्मक

उनके साथ ट्रांसमिशन कंपनी के मुख्य अभियंता (मानव संसाधन) श्री ए. एम. परियल तथा सतर्कता एवं सुरक्षा विभाग के मुख्य सुरक्षा अधिकारी विंग कमांडर श्री ए. श्रीनिवास राव भी शामिल थे। सुरक्षा विभाग के सुरक्षा निरीक्षक श्री प्रभुशरण सिंह, मुख्य सुरक्षा सैनिक श्री तीजू नेताम, सुरक्षा सैनिक श्री सुशील कुमार, निजी सुरक्षा सुपरवाइजर श्री राजेश फेक्कर, श्री योगेश साहू एवं बैण्ड दल के सुरक्षा उपनिरीक्षक श्री ताराचंद बेन ने परेड की प्रस्तुति दी। इसमें कृष्णा पब्लिक स्कूल, सरोना के छात्रों ने भी हिस्सा लिया।

कार्यक्रम के अंत में गणतंत्र दिवस खेल सप्ताह के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया गया। समारोह का संचालन अतिरिक्त महाप्रबंधक (जनसंपर्क) श्री उमेश कुमार मिश्र ने किया।

विविध क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान का सम्मान

निर्बाध और निरंतर बिजली आपूर्ति करने वाले कर्मी पुरस्कृत



प्रदेशभर में निर्बाध और निरंतर बिजली आपूर्ति करने वाले कर्मियों को छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज में आयोजित समारोह में पुरस्कृत किया गया। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन एवं जनरेशन कंपनी के अध्यक्ष डॉ. रोहित यादव (आईएएस) ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले उत्पादन, ट्रांसमिशन एवं डिस्ट्रीब्यूशन कंपनियों के अधिकारियों/कर्मचारियों को पुरस्कार प्रदान किया। इसमें आंधी-तूफान और बाढ़-बारिश की चुनौतियों के बीच गांवों को रोशन करने वालों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। समारोह में पॉवर कंपनियों के प्रबंध निदेशकगण श्री एस. के. कटियार, श्री राजेश कुमार शुक्ला एवं श्री भीमसिंह कंवर विशेष रूप से उपस्थित थे।

सर्वश्रेष्ठ विद्युत गृह का सम्मान डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह, कोरबा (2×250 मेगावाट) को दिया गया। इस संयंत्र ने छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग द्वारा निर्धारित सभी नामित पैरामीटर जैसे प्लांट एवेलेबिलिटी फैक्टर, ऑक्सिलरी कंजम्पशन, विशिष्ट तेल खपत आदि के लक्ष्यों को प्राप्त किया गया। अन्य राज्य के पॉवर उत्पादन कंपनियों की तुलना में इस विद्युत गृह का प्लांट उपलब्धता एवं लोड फैक्टर उत्कृष्ट रहा। इसके लिए तीन लाख रुपए व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

ट्रांसमिशन कंपनी के अधीन जगदलपुर के मीटर रिले परीक्षण संभाग को सर्वोत्तम परीक्षण संभाग का पुरस्कार प्रदान किया गया। इस संभाग ने 220 एवं 132 केवी उपकेंद्रों में विद्युत संचालन, संरक्षण एवं निगरानी का कार्य कुशलतापूर्वक संपादित किया गया। इसी तरह अति उच्च दाब-संधारण संभाग रायपुर को सर्वोत्तम निर्माण संभाग के लिए पुरस्कृत किया गया। इस संभाग ने नई ट्रांसमिशन लाइनों, सेकंड सर्किट लाइनों, उपकेंद्रों, ट्रांसफार्मर बे एवं फीडर



बे निर्माण से संबंधित समस्त कार्यों को सीमित मानव संसाधन के बावजूद निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया गया। सिविल मुख्यालय संभाग, रायपुर को सर्वश्रेष्ठ सिविल संभाग का पुरस्कार प्रदान किया गया। डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के अंतर्गत न्यूनतम ट्रांसफार्मर फेल्योर संभाग का पुरस्कार अकलतरा संभाग को दिया गया। वहीं वित्तीय वर्ष 2023-24 में ट्रांसफार्मर विफलता दर 8.65 प्रतिशत थी, जिसे वित्तीय वर्ष 2024-25 में घटाकर 5.40 प्रतिशत तक सीमित किया गया। सर्वोत्तम राजस्व प्रबंधन संभाग का पुरस्कार दुर्ग संभाग को दिया गया। दुर्ग क्षेत्र ने बकाया राशि में लगभग 65 प्रतिशत की कमी लाकर सर्वोत्तम राजस्व प्रबंधन का परिचय दिया गया। खैरागढ़ संभाग को न्यूनतम लाइन लॉस के लिए पुरस्कृत किया गया।

राज्य स्तर पर पुरस्कृत कर्मी

समारोह में अध्यक्ष डॉ. रोहित यादव ने तीनों कंपनियों के उत्कृष्ट कर्मियों को मेडल देकर सम्मानित किया। इसके अलावा व्यक्तिगत उपलब्धि के लिए **श्री दिलेन्द्र कुमार देशमुख,** सहायक अभियंता, बोरसी जोन, दुर्ग को सम्मानित किया गया, उन्होंने प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के अंतर्गत 15 से अधिक शिविरों का आयोजन कर 600 से अधिक उपभोक्ताओं को रूफटॉप सोलर से जोड़ा।

श्री प्रेमदास माणिकपुरी परिचारक श्रेणी-1 (लाइन), वितरण केंद्र तोकापाल जगदलपुर ने 26 अगस्त को हुई भारी वर्षा के दौरान आई आपदा के पश्चात 11 केवी लाइन एवं पोल/तार मरम्मत कर 12 से अधिक गांवों में अल्प समय में विद्युत आपूर्ति बहाल करने हेतु सम्मानित किया गया।

श्री शमीम सिद्दीकी संयंत्र परिचारक श्रेणी-दो कोरबा पश्चिम एवं **श्री राजकुमार वर्मा** कार्यपालन अभियंता मड़वा को राज्य स्तर पर सम्मानित किया गया।

श्री पिन्टू कुमार भारती सहायक यंत्री उरला, **श्री हिमांशु नामदेव** कनिष्ठ अभियंता बिलासपुर को भी राज्य स्तर पर मेडल व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

मुख्यालय स्थित केन्द्रीय कार्यालय स्तर पर पुरस्कृत कर्मी





इसके अलावा मुख्यालय स्थित केंद्रीय कार्यालय स्तर पर उत्पादन कंपनी के श्री सुभाष कुमार यादव कार्यपालन अभियंता, श्री विनोद कुमार मोहंती कार्यपालन अभियंता तथा ट्रांसमिशन कंपनी के श्री टेनिशियन कुमार कुम्भज कार्यपालन अभियंता, श्री सी. आर. रामचन्द्रन प्रशासनिक अधिकारी डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के श्री मानसिंह चौहान सहायक प्रबंधक (वित्त एवं लेखा), श्रीमती अनुप्रिया रेशम शिववंशी सहायक प्रबंधक (मा.सं.), श्री ओमकार चंद्राकर सहायक अभियंता (आईटी), श्री पंकज चौधरी अधीक्षण अभियंता को भी मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया।

क्षेत्रीय पुरस्कार - ट्रांसमिशन कंपनी

बारिश, आंधी और सघन वनों की चुनौतियों में भी अडिग रहे विद्युत कर्मी

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी ने बुलंद हौसलों के साथ आंधी-बारिश और रात के अंधेरे में बिजली दुरुस्त करने वाले कर्मठ कर्मचारियों को सम्मानित किया। बीहड़ और वनांचल क्षेत्र जगदलपुर के कर्मी से लेकर नए सबस्टेशन के निर्माण में भागीदारी देने वालों को प्रबंध निदेशक श्री राजेश कुमार शुक्ला ने मेडल और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी में क्षेत्र स्तरीय उत्कृष्टता सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। पॉवर कंपनी के मुख्यालय सेवा भवन सभागार में आयोजित समारोह में प्रबंध निदेशक श्री राजेश कुमार शुक्ला ने कहा कि प्रदेशभर में पारेषण नेटवर्क के विस्तार से लेकर उनके रखरखाव का कार्य काफी चुनौतीपूर्ण और कठिन होता है, क्योंकि यह दुर्गम स्थल, पहाड़, नदी, जंगलों के बीच से होकर गुजरता है। ऐसे में कोई फाल्ट आने पर उन्हें ढूंढना और त्वरित गति से दुरुस्त करना आवश्यक होता है। ट्रांसमिशन कंपनी ने इस कार्य में उल्लेखनीय योगदान देने वाले छह अधिकारी-कर्मचारियों को सम्मानित किया।

भिलाई के अतिरिक्त उच्चदाब कार्यालय में कार्यरत परिचारक श्रेणी-01 (लाइन) श्री छगन लाल साहू को मेडल प्रदान किया गया। 400 केवीए जगदलपुर-रायता हाईटेंशन टावर में 1 सितंबर को ब्रेक डाउन होने से पूरे बस्तर में विद्युत आपूर्ति में प्रभावित हो गई। रात 10 बजे श्री साहू ने धान के खेतों के बीच घुसकर टूटे हुए कंडक्टर, दोनों लाइन को जोड़कर ठीक किया।

भिलाई कर्मशाला संभाग के सहायक अभियंता श्री आकाश सिन्हा को केवल तीन दिन में हाईटेंशन टावर के लिए स्टील सेक्शन तैयार करने के लिए पुरस्कृत किया गया। इससे एनएमडीसी किरंदुल लाइन के निर्माण में सहायता मिली।

बिलासपुर के कनिष्ठ अभियंता श्री क्षितिज त्रिपाठी को धरदेही में 400 केवी उपकेंद्र के ऊर्जीकरण के कार्य में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

कोरबा के कार्यालय सहायक श्रेणी- 1 श्री तुलसीदास यादव को क्रय, देयक और रोकड़ संबंधी कार्यों को बिना त्रुटि निष्पादित करने सम्मानित किया गया।

रायपुर के ईएचटी (मेंटेंस) संभाग में पदस्थ परिचारक श्रेणी-1 (लाइन) श्री धनराज डहरिया को बलौदाबाजार-सरकीपार लाइन स्थित 132 केवी सर्किट दुरुस्त करने सम्मानित किया गया। इस सर्किट में कंडक्टर टूटकर ब्रेक हुआ था, जिसका एक हिस्सा खेतों में था तो दूसरा व्यस्त सड़क पर था। अपने कौशल से उन्होंने अपनी टीम के साथ इस कार्य त्वरित गति से पूरा किया।

भिलाई के एमआरटी संभाग में कार्यरत लाइन परिचारक श्रेणी-1 श्री सीताराम को 132 केवी उपकेंद्रों में ट्रांसमिशन, परीक्षण एवं सिंक्रोनाइजेशन कार्य समय-सीमा में पूर्ण करने की तकनीकी दक्षता के लिए पुरस्कृत किया गया।

मानव संसाधन विभाग की कार्यालय सहायक श्रेणी-2 श्रीमती भारती पिल्लई को 20 वर्षों के पदोन्नति पैनल तैयार करने उल्लेखनीय कार्य के लिए तथा **कार्यालय सहायक श्रेणी-3 श्री रविशंकर बारिक** एवं **श्री अविनाश बंजारे लेखा प्रशिक्षण** में क्रमशः प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने के लिए पुरस्कृत किया गया।

पुरस्कार चयन समिति में कार्यपालक निदेशक श्री संजय पटेल, श्री वीके दीक्षित, मुख्य अभियंता श्री अब्राहम वर्गीस, श्री संजय तिवारी एवं श्री एएम परियल शामिल थे। संचालन प्रबंधक (जनसंपर्क) श्री गोविन्द पटेल एवं आभार प्रदर्शन अधीक्षण अभियंता श्री पंकज चौधरी ने किया।





सूझबूझ से कंपनी के करोड़ों रूपए बचाये विद्युत कर्मी ने

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी के 12 कर्मियों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रबंध निदेशक जनरेशन श्री एस के कटियार के हाथों सम्मानित किया गया। इन कर्मियों के योगदान से कंपनी प्रबंधन को कई करोड़ रुपये की बचत हुई जिससे कंपनी को आर्थिक लाभ के साथ संभावित हानियों से भी बचाया गया।

सम्मानित एवं पुरस्कृत विद्युत कर्मी –

श्री पराग हरिनखेड़े सहायक अभियंता द्वारा गारे पेलमा सेक्टर-तीन कोयला खदान के माईन डेवलपर कम आपरेटर गारे पेलमा-III कोलियरीज लिमि. के साथ आर्बिट्रेशन में कोर्ट द्वारा आर्बिट्रेशन के निर्णय को रदद् कर कंपनी के पक्ष में निर्णय दिया गया जिससे रू. 195.00 करोड़ की संभावित हानि से कंपनी को बचाया गया।

श्री अनिल कुमार शर्मा, अधीक्षण अभियंता (सिविल) द्वारा कोरबा पश्चिम एवं कोरबा पूर्व स्थित संयंत्रों एवं कॉलोनी परिसर में सिविल मेंटेनेंस कार्य संपादित किया गया, जिससे कंपनी को लगभग रुपये दो करोड़ प्रतिवर्ष का आय संभावित है।

श्री दीपक कोठारी, अधीक्षण अभियंता को 660-660 परियोजना की स्थापना हेतु पर्यावरण अनापत्ति प्राप्त करने हेतु आवश्यक पर्यावरण मूल्यांकन प्रतिवेदन, डाटा का संकलन, वन्य जीवन अध्ययन, जनसुनवाई तथा आवश्यक पालन प्रतिवेदन कार्य दक्षता से पूर्ण किया गया।

श्री आशीष सिंह चंदेल, सहायक अभियंता द्वारा 2000 मेगावॉट सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने हेतु संयुक्त उपक्रम कंपनी छत्तीसगढ़ ग्रीन एनर्जी लि. के गठन एवं 06 मेगावॉट फ्लोटिंग सोलर संयंत्र स्थापना हेतु निविदा प्रक्रिया का निष्पादन किया गया।

श्री हेमन्त कुमार साहू, कार्यपालन अभियंता द्वारा हसदेव ताप विद्युत गृह, कोरबा (पश्चिम) के कार्य प्रकरणों की 47 निविदाओं का कार्य संपादित कर करीब 5.5 करोड़ रूपए बचाने का उल्लेखनीय कार्य किया गया।

श्री जयराम केंवट, कार्या. सहा. श्रेणी-दो, द्वारा देयकों का समयबद्ध निपटान करने से कंपनी को कोई देनदारी एवं आयकर संबंधी नोटिस प्राप्त नहीं हुआ।

श्री नीरज साहू, प्रबंधक (वित्त/के.ले.ई.) द्वारा वेतन, पेंशन, देयकों पर वैधानिक कटौती जैसे आयकर/टीडीएस/जी.एस.टी.टी.डी.एस की कटौती का समय पर भुगतान करने से किसी भी प्रकार का वित्तीय भार नही आया।

श्रीमती नीतू मुखर्जी, उप महाप्रबंधक (वित्त एवं लेखा) द्वारा ए.जी. आडिट में विशेष प्रयास के फलस्वरूप लंबित निरीक्षण प्रतिवेदन को निरस्त कराने एवं आंतरिक आडिट में तेजी एवं वार्षिक बजट को समय पूर्व कराये जाने में महत्वपूर्ण योगदान रहा।

श्रीमती अमिता बारा, कार्यपालन अभियंता द्वारा आईटी उन्नयन के कार्य जैसे आईएसओ/आईईसी 27001 प्रमाणन, सीएसपीजीसीएल हेतु आपरेशन टेक्नोलॉजी ओटी सिस्टम हेतु वीएपीटी आडिट तथा ओटी नेटवर्क संरचना का सुदृढ़ीकरण का कार्य किया गया।

श्री मनीष कुम्भकार, अधीक्षण अभियंता द्वारा विद्युत गृह कोरबा (पश्चिम) इकाई क्र. 1 एवं 4 का वार्षिक रख-रखाव का कार्य निर्धारित समयावधि में सम्पन्न किया गया।

श्री देवांश सराफ, कार्यपालन अभियंता द्वारा एबीएएस (आधार सक्षम बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली) का क्रियान्वयन सक्रियता एवं तत्परता से किया गया।

श्री देवलाल साहू, अधीक्षण अभियंता द्वारा ई ऑफिस का क्रियान्वयन सफलतापूर्वक किया गया।

कार्यक्रम का संचालन सहायक प्रबंधक श्रीमती अनामिका मण्डावी द्वारा किया गया।

क्षेत्रीय पुरस्कार -डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी में उत्कृष्ट कार्य करने वाले मैदानी एवं कार्यालयीन दस कर्मियों को गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रबंध निदेशक श्री भीम सिंह कंवर ने पदक एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

गणतंत्र दिवस के मौके पर उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित कार्मिकों में **श्रीमती कृतिमा पाण्डेय मिश्रा, कार्यपालन अभियंता** को तकनीक नवाचार को बढ़ावा देने, **श्री चंद्रशेखर शिंदे, सहायक प्रबंधक (के.ले.ई.)** को पेंशन शाखा में लाखों रुपए की रिकवरी तैयार करने और कंपनी को आर्थिक हानि से बचाने, **सुश्री मीनल पाण्डेय, सहायक प्रबंधक** को अल्प अवधि में ई-ऑफिस के सफल क्रियान्वयन, **श्री सौरभ कुमार कश्यप, कनिष्ठ अभियंता,** नैला (जोन) जांजगीर को ट्रांसफार्मर विफलता दर को 7 प्रतिशत से घटाकर 1.1 प्रतिशत तक लाने, **श्री ओम प्रकाश वर्मा, कार्यालय सहायक श्रेणी-तीन** को विधानसभा के समयबद्ध प्रकरणों एवं उच्च अधिकारियों द्वारा निर्देशित कार्यों को पूर्ण कर्तव्यनिष्ठा व लगन से संपादित करने, **श्री कमल किशोर, कार्यालय सहायक श्रेणी-तीन** को ई-ऑफिस से संबंधित कार्य, **श्री चित्रभान राठौर, डाटा एन्ट्री ऑपरेटर** को ट्रांसफार्मर रिपेयर सेक्शन में टेंडर प्रोसेस व स्टेज इंस्पेक्शन से संबंधित कार्य को विशेष दक्षता से संपादित करने, **श्री अक्षय देशमुख, डाटा एन्ट्री ऑपरेटर** को नवम्बर 2025 तक 53 लाख रुपये बकाया राशि वसूली एवं पीएम सूर्य घर के आवेदनों में त्वरित कार्यवाही करने, **श्री चिन्टू राम पटेल, कनिष्ठ अभियंता** को विद्युत लाइन विच्छेदन कार्यवाही में 238 उपभोक्ताओं के राजस्व बकाया राशि 13 लाख 91 हजार रुपए की वसूली करने तथा **श्री जावेद अली, लाईन सहायक** को समयावधि में बिजली आपूर्ति से संबंधित सभी तकनीकी शिकायतों का समाधान करने के लिए प्रबंध निदेशक ने सम्मानित किया।



प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में मनाया गया गणतंत्र दिवस

रायपुर शहर क्षेत्र



क्षेत्रीय मुख्यालय छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी गुढ़ियारी रायपुर के प्रांगण में 26 जनवरी 'गणतंत्र दिवस' हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर श्री संजीव सिंह-मुख्य अभियंता (रा.श.क्षे.) के करकमलों द्वारा झण्डा फहराया गया एवं अध्यक्ष महोदय के संदेश का वाचन किया गया।

समारोह में रायपुर शहर क्षेत्र से उत्कृष्ट कार्य हेतु सर्वश्री कार्तिक राम निर्मलकर-लाईन सहा. श्रेणी-दो, अरविंद सिंह ठाकुर-ला.परि.श्रेणी-तीन, पंकज साहू-लाईन परिचारक (संविदा), रमेश कुमार जांगड़े-लाईन सहा. श्रेणी-दो, सुरेन्द्र त्रिपाठी-परि.श्रेणी-एक(ला.), युगल किशोर- लाईन परिचारक (संविदा), राजकुमार सोंधिया-अनुभाग अधिकारी, रविकिशन साहू-लाईन परिचारक (संविदा), राजेश कुमार-परि. श्रेणी-एक (ला.), मोनेश गुप्ता-फार्मासिस्ट, घनश्याम कुमार साहू-डाटा एंट्री ऑपरेटर, योहान नायक-डाटा एंट्री ऑपरेटर को विद्युत कम्पनी की ओर से देय पदक और प्रशस्ति-पत्र एवं प्रोत्साहन राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार रायपुर ग्रामीण क्षेत्र से सर्वश्री मोहरसाय धृतलहरे-लाईन सहायक श्रेणी-दो, पांचुराम यादव-लाईन सहायक श्रेणी-दो, नागेश दीवान-लाईन परिचारक (संविदा), खिलावन प्रसाद साहू- परि.श्रेणी-एक(ला.), श्रीमती प्रीति गोस्वामी- भृत्य, राजेन्द्र कुमार वैष्णव-तकनीशियन (वितरण), पुनाराम साहू-तकनीशियन (वितरण), रमेश कुमार लहरी-परीक्षण सहा.श्रेणी-2, महेन्द्र साहू-तकनीशियन (वितरण), छत्तर सिंह साहू- तकनीशियन (वितरण), अमित कुमार सोनवानी- कार्या.सहा.श्रेणी-एक, नेमीचंद डहरिया-लाईन सहायक श्रेणी-दो को विद्युत कम्पनी की ओर से देय पदक और प्रशस्ति-पत्र एवं प्रोत्साहन राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया।

दुर्ग क्षेत्र



दुर्ग के क्षेत्रीय मुख्यालय में गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अभियंता श्री संजय खंडेलवाल ने झण्डा फहराया और सलामी दी एवं अध्यक्ष महोदय के संदेश का वाचन किया गया। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले 12 कर्मचारियों को सम्मानित भी किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अभियंता द्वारा क्षेत्रीय स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्यालय सहायक श्रेणी एक श्री आलोक कुमार शर्मा, कनिष्ठ अभियंता श्री परमेश्वर, कु. ज्योत्स्ना राव एवं कुमारी अंजली ठाकुर, डाटा एंट्री ऑपरेटर श्री प्रदीप कुमार वैष्णव, परीक्षण सहायक श्रेणी एक श्री हीराधर प्रसाद साहू, कार्यालय सहायक श्रेणी तीन श्री सोमेश कुमार साहू, दफ्तरी श्री भागी राम, लाइन सहायक श्रेणी दो श्री लक्ष्मीनारायण पटेल, परिचारक श्रेणी एक लाइन श्री संतोष साहू, तकनीशियन वितरण श्री राकेश दुबे एवं कार्यालय सहायक श्रेणी एक श्रीमती श्वेता राव को स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र, रजत मेडल एवं सम्मान राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया।

राजनांदगांव क्षेत्र



गणतंत्र दिवस पर राजनांदगांव क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक श्री शिरीष सेलट द्वारा झण्डा फहराया गया। श्री सेलट द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कम्पनीज अध्यक्ष के संदेश का वाचन किया गया। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले विद्युतकर्मी श्रीमती शेष कुमारी साहू सहायक अभियंता वृत्त, श्री प्रकाश सोनटापर कार्यालय सहायक श्रेणी-एक, श्री विशाल मोटघरे डीईओ, श्री सरजूराम मंडावी लाईन सहायक श्रेणी-एक, श्री संदीप देवदास लाइन परिचारक श्रेणी-एक, श्री विजय कुमार खोब्रागढ़े लाइन सहायक श्रेणी-एक, श्री वीरेन्द्र कुमार मारकंडे लाइन परिचारक श्रेणी एक, श्री संतुराम ठाकुर सतर्कता संभाग, श्री कैलाश दास मानिकपुरी लाईन परिचारक, श्री राकेश कुमार केवट, लाईन परिचारक संविदा, श्री हनुमान लाल सोनकर लाईन परिचारक संविदा एवं श्री शिवशंकर साहू लाइन परिचारक संविदा को प्रशस्ति पत्र, पारितोषिक और मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री मंगल तिर्की, अधीक्षण अभियंता श्री एस0 कंवर, श्री के सी खोटे, कार्यपालन अभियंता श्री ए.डी. टण्डन, श्री मुकेश साहू, श्री आलोक दुबे, श्री एन. के. साहू, श्रीमती सीमा ढील, श्री कोशलेन्द्र पाण्डे, श्री रविकांत शर्मा, श्रीमती कांती नेताम सहित बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित हुए। कार्यक्रम का संचालन प्रकाशन अधिकारी श्री धर्मेन्द्र शाह मंडावी द्वारा किया गया।

बिलासपुर क्षेत्र



बिलासपुर क्षेत्र के मुख्यालय प्रांगण में कार्यपालक निदेशक श्री ए.के. अम्बस्ट ने झण्डा फहराया एवं तिरंगे को सलामी दी तथा अध्यक्ष डॉ रोहित यादव के संदेश का वाचन किया गया। इस अवसर पर 10 कर्मियों को सर्वश्री योगेश अग्रवाल, कार्यालय सहायक श्रेणी-दो, रामाधार यादव लाईन सहायक श्रेणी-दो, शिवचरण साहू लाईन परिचारक श्रेणी-एक, विरेन्द्र कुमार उइके कार्यालय सहायक श्रेणी-दो, शंकर प्रसाद कंवर कार्यालय सहायक श्रेणी-एक, अक्षय हिन्दुत्जा प्रोग्रामर, शैलेन्द्र उर्मलिया कार्यालय सहायक श्रेणी-दो, प्रमोद कुमार साहू तकनीकी वितरण, कंजय राठिया कनिष्ठ अभियंता (सिविल) एवं कु. कल्याणी वर्मा कनिष्ठ अभियंता को मेडल, प्रशस्ति पत्र एवं पारितोषिक राशि से सम्मानित किया गया।

जगदलपुर क्षेत्र



जगदलपुर क्षेत्र में गणतंत्र दिवस के अवसर पर कार्यपालक निदेशक श्री टी के मेश्राम द्वारा झण्डा फहराया गया। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य के लिये श्री रतन कुमार साना लाईन सहायक श्रेणी-दो, कार्यालय कनिष्ठ अभियंता वितरण केन्द्र, कोण्डागांव (शहर), श्री राजीव मिश्रा कार्यालय सहायक श्रेणी-दो, कार्यालय सहायक अभियंता उपसंभाग सरोना, श्री जगबंधु कोर्राम, लाईन सहायक श्रेणी-दो कार्यालय कनिष्ठ अभियंता वितरण केन्द्र माकडी, श्री खगेश कुमार उसेण्डी परिचारक श्रेणी-एक (ला.), कार्यालय सहायक अभियंता (परियोजना) कांकेर श्री सुदेश कुमार साहू, कार्यालय सहायक श्रेणी-तीन, कार्यालय सहायक अभियंता (उपसंभाग) नारायणपुर, श्री बी. मोहन राव, लाईन सहायक श्रेणी एक, कार्यालय सहायक अभियंता जगदलपुर जोन, श्री लेखेन्द्र कुमार साहू कार्यालय सहायक श्रेणी दो-कार्यालय कार्यपालन अभियंता (संचालन- संधारण) संभाग दन्तेवाड़ा, श्री यशवंत कुमार साहू, लाईन सहायक श्रेणी-दो, कार्यालय सहायक अभियंता (परियोजना) उपसंभाग जगदलपुर को प्रशस्ति पत्र, पदक एवं पारितोषिक राशि प्रदान कर श्री मेश्राम द्वारा सम्मानित किया गया।

अंबिकापुर क्षेत्र



गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्य अभियंता श्री यशवंत शिलेदार ने राष्ट्र ध्वज फहराया एवं तिरंगे को सलामी दी। इस अवसर पर 12 कर्मियों को उत्कृष्ट कार्य हेतु पुरस्कृत किया गया। श्री रे कुमार राजवाडे, लाइन सहा श्रेणी दो, श्री दिया साय परि श्रेणी-एक (ला), श्री मनोज कुमार कार्या सहा श्रेणी-दो, श्री किशोर कुमार किण्डो कनिष्ठ यंत्री, श्री हीरा लाल सारथी, ला सहा श्रेणी दो, श्री राजेन्द्र प्रसाद राजवाडे, कनिष्ठ यंत्री, श्री सचिन देव टोप्पा कार्या सहा श्रेणी-एक, श्री शैलेन्द्र सिंह सिदार तकनीशियन, श्री अनुज मिंज, कार्या सहा श्रेणी एक, श्री बिपिन बिहारी वर्मा, परी सहा श्रेणी-एक, श्री भरत कुमार पटेरिया अनुभाग अधिकारी एवं श्री मरगूब इकचाल अनुभाग अधिकारी को पदक, प्रशस्ति पत्र एवं पारितोषिक से सम्मानित किया गया।

रायगढ़ क्षेत्र



रायगढ़ क्षेत्रीय कार्यालय में गणतंत्र दिवस समारोह, 26 जनवरी का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अभियंता श्री मनीष तनेजा ने राष्ट्र ध्वज फहराया एवं स्वतंत्रता सेनानियों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर उत्कृष्ट अधिकारियों एवं कर्मचारियों को क्षेत्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया। श्री रन सिंह कंवर, कार्या. सहा. श्रेणी-3, श्री मुकेश कुमार पटेल, तकनीशियन वितरण, श्री सूर्यकांत गुप्ता कार्या. सहा. श्रेणी-3, श्री सुदेश कुमार जायसवाल कार्या. सहा. श्रेणी-एक, श्री नारद कुमार यादव, लाइन सहा. श्रेणी-दो, श्री निबोर्ध खलखो, परि. श्रेणी-एक (ला.), श्री नारायण सिंह सिदार, कार्या. सहा श्रेणी-एक, श्री विरेन्द्र कुमार रात्रे, परि. श्रेणी-एक (ला.), श्री फत्ते सिंह गोंड, लाईन सहा. श्रेणी-एक, श्री अजय यादव, परि. श्रेणी-एक (ला.), वितरण केंद्र नवागढ़, श्री रथ राम यादव, परि. श्रेणी-एक (ला.), वितरण केंद्र बम्हनीडीह, श्री कुंदन सिंह नेताम, लाईन सहा. श्रेणी-एक, उपसंभाग शिवरीनारायण को सम्मानित किया गया।

डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह



डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह में 77 वीं गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य अभियंता श्री संजीव कंसल एवं अति. मुख्य अभियंताओं, श्री राजा बाबू कोसरे, वरिष्ठ मुख्य रसायनज्ञ श्रीमती मालती जोशी एवं श्रीमती अल्का कंसल के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर अध्यक्ष महोदय के संदेश का वाचन किया गया। समारोह मे उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मियों का सम्मान प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया।

कार्यपालन अभियंता श्री बी के मोहन्ती एवं सहायक अभियंता प्रशांत शर्मा को प्रमाण पत्र, स्मृति चिन्ह एवं समृद्धि प्रोत्साहन राशि से सम्मानित किया गया। स्थानीय स्तर पर उत्कृष्ट कार्य के लिए 40 अधिकारियों एवं कर्मचारियों, लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से 3 कर्मचारियों तथा संरक्षा जागरूकता अवार्ड से 2 कर्मचारियों, 34 कर्मियों को उत्कृष्ट कार्य एवं 6 समूहों को ग्रुप अवार्ड से भी सम्मानित किया गया।

हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम



हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम में 77 वां गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अभियंता श्री एचके. सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त मुख्य अभियंता सर्वश्री आरके. पांडे, केएनबी. राव, महिमा मिंज, पीके जोशी, एके शाह, परियोजना प्रबंधक श्री एसके पंड्या,

वरिष्ठ मुख्य रसायनज्ञ श्री एके.कुरनाल, श्रीमती रुक्मणी सिंह उपस्थित थे।

इस अवसर पर क्षेत्रीय स्तर पर कार्यपालन अभियंता श्री ओमप्रकाश रात्रे, सहायक अभियंता श्री मोहित कुमार पटेल, श्री अंकुश पाहवा व सुश्री जयंती देवांगन एवं कनिष्ठ अभियंता श्री सत्येंद्र कुमार श्रीवास्तव को पदक, प्रशस्ति पत्र एवं एक हजार रूपए नकद से विद्युत गृह में सम्मानित किया गया। विद्युत गृह स्तर पर 61 व्यक्तिगत पुरस्कार, 30 लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड और 25 समूह पुरस्कार में 70 अधिकारी, कर्मचारी एवं ठेका श्रमिकों को सम्मानित किया गया।

अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह



अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह (एबीव्हीटीपीएस) मड़वा में 77 वां गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अभियंता श्री एच.एन.कोसरिया ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर सर्वश्री आलोक लकरा, एसडी द्विवेदी, आरके-साव, एन-लकरा और श्रीमती शशि कोसरिया व महिला मंडल के पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति थी।

उत्तम कार्य निष्पादन के लिए स्थानीय स्तर पर सम्मानित होने वाले 10 समूह पुरस्कारों में शामिल अधिकारी-कर्मचारी, 24 व्यक्तिगत पुरस्कार प्राप्त करने वाले अधिकारी-कर्मचारी एवं 30 ठेका श्रमिकों को श्री कोसरिया ने बधाई दी।

संचार एवं टेलिमेटरी भिलाई-3

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के मुख्य अभियंता (संचार एवं टेलिमेंटरी) भिलाई-3 स्थित कार्यालय परिसर में 77वें गणतंत्र दिवस का आयोजन किया गया। अधीक्षण अभियंता श्रीमती पुष्पा पिल्लई द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। नन्हे-नन्हे बालकों द्वारा राष्ट्रप्रेम से ओतप्रोत गीतों पर आकर्षक प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिसने उपस्थितजनों का मन मोह लिया। इस अवसर पर कार्यालयीन कर्मियों द्वारा छत्तीसगढ़ का राजकीय गीत "अरपा पैरी के धार" पर मधुर प्रस्तुति दी गई। इस प्रस्तुति में श्रीमती रमया, बबीता, केसरी ओमीन एवं रानी ने सहभागिता निभाई। कार्यक्रम का संचालन श्री भूपेंद्र सिन्हा कार्यालय सहायक श्रेणी-एक द्वारा किया गया।



पॉवर कंपनी मुख्यालय परिसर में बायोमैट्रिक उपस्थिति प्रणाली शुरू



1 जनवरी से छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के डंगनिया, रायपुर स्थित मुख्यालय परिसर में आधार सक्षम बायोमैट्रिक उपस्थिति प्रणाली प्रारंभ की गई। इस प्रणाली के अंतर्गत यहां पदस्थ समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सुबह 10 बजे उपस्थिति दी। राज्य शासन की तर्ज पर छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी, छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी तथा छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के संयुक्त कार्यालय परिसर में 7 स्थानों पर बायोमैट्रिक डिवाइसेस लगाई गई हैं। यह सुविधा भी दी गई है कि आधार सक्षम बायोमैट्रिक उपस्थिति प्रणाली में अपने कार्यालय की निर्धारित परिधि में आकर अपने मोबाइल फोन में डाउनलोडेड ऐप से भी यह कार्य किया जा सकता है। इस प्रणाली के लिए एनआईसी के सॉफ्टवेयर तथा आधार से एल-1 प्रमाणित डिवाइस का उपयोग किया जा रहा है।

विद्युत कंपनी मुख्यालय परिसर में तीनों कंपनियों के प्रबंध निदेशकगण यथा श्री एस.के. कटियार, श्री आर.के. शुक्ला तथा श्री भीमसिंह कंवर सहित समस्त कार्यपालक निदेशक, मुख्य अभियंता से लेकर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों ने अपनी बायोमैट्रिक उपस्थिति दर्ज की। प्रथम दिन 1,274 अधिकारियों एवं कर्मचारियों की बायोमैट्रिक उपस्थिति बहुत ही सुचारू रूप से दर्ज हुई। इसमें किसी तरह का कोई व्यवधान नहीं आया। प्रबंध निदेशक, पारेषण श्री आर.के. शुक्ला की पहल पर श्री ए.एम. परियल, मुख्य अभियंता, मानव संसाधन के कुशल मार्गदर्शन में समर्पित टीम द्वारा अत्यंत अल्प समय में इस सम्पूर्ण प्रक्रिया को अंजाम दिया। श्री शुक्ला ने बताया कि प्रदेश में स्थित पॉवर कंपनी के अन्य कार्यालयों में भी यह प्रणाली जल्द ही लागू की जाएगी।

श्री उमेश कुमार मिश्र

अतिरिक्त महाप्रबंधक (जनसंपर्क)
छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज़



छत्तीसगढ़ राज्य ने हाल ही में अपनी स्थापना के 25 वर्ष पूरे किये हैं। यह अवसर केवल विकास का उत्सव नहीं बना, बल्कि उन कर्मयोगियों के समर्पण की स्मृति का अवसर भी बना है जिन्होंने परदे के पीछे रहकर राज्य की दिशा और छवि गढ़ी। ऐसे ही कर्मयोगी हैं, उमेश कुमार मिश्र, जिन्होंने अविभाजित मध्यप्रदेश विद्युत मंडल से लेकर छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल तक और लगातार 24 वर्ष तक मुख्यमंत्री सचिवालय में कार्य कर शासन की रचनात्मक यात्रा में अपनी अमिट छाप छोड़ी।

आपका जन्म 3 मार्च 1964 में हुआ। आपके पिता स्व. कालिका प्रसाद मिश्र एवं माता श्रीमती राजकुमारी मिश्रा हैं। आपकी प्रारंभिक शिक्षा रायपुर में ही हुई। दुर्गा कालेज ,रायपुर से एम कॉम की पढाई पूरी की। 1985 से देशबन्धु समाचार पत्र से पत्रकारिता आरंभ की। इस दौरान आपने अनेक चर्चित स्टोरी लिखी । सह-संपादक से सिटी चीफ तक का दायित्व निभाया। आपके लेखन की सटीकता, भाषा की सहजता और सोच की गहराई ने आपको अलग पहचान दिलाई। वर्ष 1991 में आप रायपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष निर्वाचित हुए। पत्रकारिता के दीर्घ अनुभव से आगे चलकर आपका चयन अविभाजित मध्यप्रदेश विद्युत मंडल में प्रकाशन अधिकारी के लिए सीधी भर्ती से हुआ। 3 मार्च 1993 को आपने जबलपुर मुख्यालय के शक्ति भवन में अपनी ज्वाइनिंग दी।

आपने गृह पत्रिका विद्युत सेवा को पत्रकारिता के अनुरूप नए तरीके से व्यवस्थित कर अनेक स्तंभों का समावेश किया, जिसके बाद एमपीईबी की गृह पत्रिका को बहुत लोकप्रियता मिली और अखिल भारतीय गृह पत्रिका प्रतियोगिता में इसे प्रथम पुरस्कार मिला, जिसे पूर्व प्रधानमंत्री आई. के. गुजराल ने प्रदान किया।

आपने विद्युत मंडल के विभिन्न रचनाकारों को एक मंच में स्थान देने विद्युत आलेख सेवा की शुरुआत की, जिसके माध्यम से कर्मियों के तकनीकी व साहित्यिक लेखों का संकलन कर प्रकाशन कराया। इसके लिए तत्कालीन अध्यक्ष वी पी चावला ने राज्य स्तर पर सम्मानित किया। इसी तरह राज्य गठन पश्चात भी अध्यक्ष पी जॉय उम्मेन के हाथों से पुरस्कृत हुए।

आपको नवम्बर 1999 में पद सहित रायपुर स्थानांतरित किया गया तथा 2000 में राज्य गठन के बाद आपकी रचनात्मकता की परख राज्य शासन ने की। उस समय मुख्यमंत्री के प्रेस अधिकारी के लिए कुशल तथा व्यापक संपर्क करने वाले जनसंपर्क अधिकारी की खोज प्रारंभ हुई। छत्तीसगढ़ के सभी सार्वजनिक उपक्रम बालको, एनटीपीसी, भिलाई स्टील प्लांट के साथ विद्युत मंडल, नगर निगम जनसंपर्क विभाग के पीआरओ की लिखित परीक्षा ली गई। लिखित परीक्षा और इंटरव्यू के बाद आपका चयन मुख्यममंत्री के प्रेस अधिकारी के लिए हुआ और आपको छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल से मुख्यमंत्री सचिवालय में प्रतिनियुक्ति पर भेजा गया।

नई सरकार में आपको माननीय मुख्यमंत्री के भाषण, रचनात्मक डिजाइनों के लिए प्रभारी डिप्टी डायरेक्टर (पीआर) के रूप में संलग्न किया गया। छत्तीसगढ़ संवाद के गठन के बाद आपको महाप्रबंधक से अतिरिक्त कार्यपालन अधिकारी तक की भूमिका मिली, जिसका आपने निरंतर 24 साल तक निर्वहन किया।

2010 में आपको मंत्रालय में संयुक्त सचिव (मुख्यमंत्री) बनाया गया। आप मंत्रालय तथा जनसंपर्क विभाग दोनों जगह अपनी सेवाएं देते रहे।

2019 में आपको मुख्यमंत्री के संयुक्त सचिव के साथ ही जनसंपर्क विभाग के संयुक्त सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई।

इस तरह आपने प्रथम मुख्यमंत्री श्री अजीत जोगी से लेकर डॉ. रमन सिंह, श्री भूपेश बघेल और वर्तमान मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय तक लगभग 24 वर्षों तक मुख्यमंत्री सचिवालय में सेवाएं दीं। लगातार 24 वर्षों तक सचिवालय में कार्य करना न केवल समर्पण का प्रतीक है, बल्कि यह एक ऐसा कीर्तिमान है, जो देश के प्रशासनिक इतिहास में स्वर्णाक्षरों में दर्ज है।

नियमित भाषण के अलावा स्वतन्त्रता दिवस सन्देश, गणतंत्र दिवस सन्देश, मुख्यमंत्री और राज्यपाल के भाषणों से लेकर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, योजना आयोग, नीति आयोग, अंतरराज्यीय परिषद जैसे अनेक महत्वपूर्ण अवसरों के लिए आपकी लेखनी ने शासन की नीतियों को शब्दों का वस्त्र पहनाया। इन भाषणों में उठाए गए कुछ मुद्दे बाद में राष्ट्रीय स्तर के नीति विषयक मुद्दे भी बने। राज्य के लोक अभियानों, 'विकास यात्रा', 'लोक सुराज', 'ग्राम सुराज अभियान' और आकाशवाणी से हर माह प्रसारण होने वाले 'रमन के गोठ' या लोकवाणी जैसे रेडियो कार्यक्रमों की स्क्रिप्ट बनाने से लेकर रिकार्डिंग व प्रसारण तक के कार्यों में आपकी भूमिका केंद्रीय रही। जनसंपर्क ही नहीं बल्कि राज्य सरकार के विभिन्न विभागों की मीडिया प्लानिंग और क्रिएटिव राइटिंग, डिजाइनिंग से शासन की छवि को संवारा।

राज्य की पहचान बने अनेक लोकप्रिय योजनाओं के नामकरण तथा नारों के पीछे आपकी सृजनशीलता रही है। सबका साथ, सबका विकास, सौर सुजला, स्कूल आ पढ़े बर - जिनगी ल गढ़े बर जैसे भावुक स्लोगन हो। इन सभी ने सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने में क्रांतिकारी भूमिका निभाई तो 'अब होगा हैट्रिक' जैसी पंचलाइन ने नवा रायपुर के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट आयोजन को राष्ट्रीय पहचान दिलाई। साथ ही छत्तीसगढ़ पंचमन, परिवेश, रोजगार, नियोजन सहित अनेक नियमित पत्र-पत्रिकाओं का संपादन किया। मासिक पत्रिका छत्तीसगढ़ जनमन की परिकल्पना से लेकर वर्षों तक संपादन की जिम्मेदारी निभायी। लोक अभियान, लोक उत्सव से लेकर कोरोना जैसी महामारी की रोकथाम संबंधी मीडिया कैम्पेन में आपके सृजन की महत्वपूर्ण भूमिका थी।

वो दौर आउटसोर्सिंग का नहीं, बल्कि विभागीय सृजन के स्वर्ण युग का था जहाँ हर क्रिएटिव काम विभाग के भीतर होता था और आप उसकी धुरी हुआ करते थे। आपने श्री शिवराज सिंह, सुनिल कुमार, बैजेंद्र कुमार, अमन सिंह, अमिताभ जैन, सुबोध सिंह जैसे प्रशासनिक दिग्गजों के साथ काम किया और उनका विश्वास अर्जित किया।

फरवरी 2024 में आप अपने मूल विभाग छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज में लौटे, जहां अतिरिक्त महाप्रबंधक (जनसंपर्क) का दायित्व निर्वहन आपने किया। संकल्प का संपादन और रजत जयंती पर कॉफी टेबल बुक ऊर्जावान छत्तीसगढ़ का प्रकाशन महत्वपूर्ण रहा। आपके इस कार्यकाल के दौरान सोशल मीडिया इंगेजमेंट रिपोर्ट में लगातार 12 सप्ताह से ऊर्जा विभाग शत-प्रतिशत अंकों के साथ पहली रैंकिंग बनाए हुए है। साथ ही अनेक विडियों, रेडियो, जिंगल बनवाए।

गुडरूमुड़ा में पहाड़ी कोरवा परिवारों को निःशुल्क रूफटॉप सोलर प्लांट

आवास-बिजली निःशुल्क, योजनाओं के अभिसरण से देश में ऐसा पहला कार्य

छत्तीसगढ़ सरकार और छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी ने अत्यंत पिछड़ी जनजाति परिवारों को आवास की सुविधा देने के साथ उनके घरों में रूफटॉप सोलर पॉवर प्लांट लगाने के लिए देश में पहली बार एक नई पहल की है। इस पहल के तहत कोरबा जिले के अंतर्गत पोड़ी उपरोड़ा विकासखण्ड के अंतर्गत ग्राम गुडरूमुड़ा में 8 पहाड़ी कोरवा परिवारों को सौर ऊर्जा की सौगात मिल रही है। यह एक ऐसी पहल है जिससे न सिर्फ प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना को सार्थक किया गया है बल्कि विशेष पिछड़ी जनजाति के परिवारों को घरेलू बिजली निःशुल्क प्रदान करने का एक स्थायी रास्ता भी बनाया गया है।

छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का लाभ वास्तविक जरूरतमंद परिवारों को पहुंचाने के लिए विशेष प्रयास किये हैं। केन्द्र की तर्ज पर राज्य सरकार द्वारा भी रूफटॉप सोलर पॉवर प्लांट लगाने सब्सिडी दी जा रही है। प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत अत्यंत पिछड़ी जनजाति के परिवारों को ग्रिड के माध्यम से बिजली प्रदाय का लक्ष्य भी रखा गया है जिससे उन्हें निरंतर बिजली प्रदाय का लाभ मिल सके। प्रधानमंत्री आवास योजना में घर बना कर देने का प्रावधान है लेकिन सभी तरह के परिवारों को निःशुल्क बिजली कनेक्शन देने का प्रावधान नहीं है। इसके अलावा प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत सोलर पैनल तथा सह उपकरण भी निःशुल्क लगाने का कोई प्रावधान किसी योजना में नहीं है।

छत्तीसगढ़ में कुछ योजनाओं के अभिसरण से यह नवाचार किया गया है जिसके तहत आवास के साथ ग्रिड के माध्यम से बिजली और प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का लाभ देना सुनिश्चित हुआ है। पीएम सूर्यघर मुफ्त योजना के अंतर्गत एक किलोवाट के सोलर पॉवर प्लांट पर लगभग 60 हजार रूपये का खर्चा आता है जिसकी भरपाई डीएमएफ से की जा रही है। एक किलोवाट पर केन्द्र एवं राज्य सरकार की सब्सिडी लगभग 45 हजार रूपये होगी जो बाद में राज्य शासन में समायोजित की जायेगी और 15 हजार रूपये का व्यय डीएमएफ के माध्यम से वहन किया जायेगा। इस तरह अत्यंत पिछड़ी जनजातियों को उनके



जनहित की व्यापक सोच
– डॉ. रोहित यादव

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन एवं जनरेशन कंपनी के अध्यक्ष डॉ. रोहित यादव का कहना है कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की व्यापक सोच ने हमें योजनाओं के अभिसरण का मार्ग प्रशस्त किया। परिणाम सामने है कि जहां चाह हो, वहां राह होती है। पहाड़ी कोरवा परिवारों को इस योजना से बहुत लाभ मिलेगा। साथ ही उनके जैसे जीवनस्तर वाले अन्य परिवारों को लाभान्वित करने का मार्ग भी प्रशस्त हुआ है।





बड़ी सोच का नतीजा
– भीम सिंह कंवर

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री भीम सिंह ने कहा कि हमारे अध्यक्ष डॉ. रोहित यादव रास्ता निकालना चाहते थे कि आखिर बहुत जरूरतमंद परिवारों को पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का लाभ कैसे दिलाएं। प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री जनमन योजना, डीएमएफ में समन्वय से वह रास्ता मिल गया और अत्यंत पिछड़ी जनजातियों के घर ग्रिड आधारित सोलर पॉवर से जोड़ कर हमने देश में एक अलग मिसाल कायम कर दी है। फिलहाल तो यह एक पायलट प्रोजेक्ट है लेकिन इसकी सफलता हमारे राज्य को नहीं बल्कि पूरे देश को नया रास्ता दिखाएगी।



प्रधानमंत्री आवास पर निःशुल्क बिजली प्रदाय की व्यवस्था की गई है जिसमें केन्द्र सरकार, राज्य सरकार, छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी तथा जिला प्रशासन की समन्वित पहल है। यह फिलहाल एक पायलट प्रोजेक्ट है जिसकी सफलता अनेक परिवारों का उजाला सुनिश्चित करेगी।

हमारा जीवन संवर जाएगा - मंगलू राम

योजना के हितग्राही मंगलू राम, गीता बाई, संतोषी बाई, घसिया, सुकमत का परिवार बहुत खुश है कि उसे अब निरन्तर बिजली मिलेगी और बिजली का बिल भी नहीं देना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि हम लोग मजदूर हैं। हमें नहीं पता था कि कैसे लाभ मिलेगा? विद्युत कंपनी के लोगों ने ही आवेदन करने से लेकर हर काम में हमारी मदद की और गुडरूमुड़ा को एक अलग पहचान दिला दी है।



राजधानी रायपुर के सभी वार्ड पार्षदगण पीएम सूर्यघर योजना अंतर्गत अपने-अपने घरों की छतों में सोलर पैनल लगवाकर शासन की लोकहितैषी अभिनव योजना का लाभ उठायें- महापौर मीनल चौबे

महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने रायपुर नगर निगम के सभी पार्षदों से कहा की अपने-अपने घरों में सोलर पैनल छग विद्युत पॉवर वितरण कम्पनी के माध्यम से लगवाकर राष्ट्रहित में विद्युत की बचत करने का सकारात्मक सन्देश देने और अपने-अपने वार्ड क्षेत्र के सभी रहवासी नागरिकों को पीएम सूर्यघर योजना का लाभ लेने के लिए जागरूक कर विनम्र अपील की है।

पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के प्रचार-प्रसार के लिये जागरूकता शिविर



प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से रायपुर जिले के अंतर्गत सिलतरा संचारण एवं संधारण संभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष जागरूकता एवं पंजीयन शिविर का आयोजन 16 जनवरी से किया गया। इन शिविरों के माध्यम से आम नागरिकों को अपने घर की छत पर सोलर रूफटॉप सिस्टम लगाकर मुफ्त बिजली प्राप्त करने तथा शासन द्वारा दी जा रही सब्सिडी का लाभ उठाने की पूरी जानकारी दी जा रही है। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के मुख्य अभियंता श्री संजीव सिंह ने बताया कि अधिकृत सोलर एजेंसियां शिविरों में उपस्थित रहकर योजना की प्रक्रिया को समझेंगे तथा मौके पर ही ऑनलाइन पंजीयन भी किया गया।

सिलतरा संचारण एवं संधारण संभाग के अंतर्गत 16 जनवरी को सिलतरा में, 20 को अकोली में, 22 को कन्हेरा में, 23 को बहेसर, 27 को गिरौद, 29 को धनेली, 30 जनवरी को गिधौरी तथा 03 फरवरी को निमोरा ग्राम पंचायत में पीएम सूर्यघर योजना के अंतर्गत जागरूकता एवं पंजीयन शिविर आयोजित किया गया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के तहत केंद्र सरकार 70 हजार रुपए के साथ-साथ छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा अतिरिक्त सब्सिडी 30 हजार रुपए प्रदान की जा रही है, जिससे आम नागरिकों को सोलर सिस्टम लगाने में बहुत कम खर्च आता है और उनका बिजली बिल शून्य तक हो सकता है। उन्होंने ग्रामीण उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अपने गांव में निर्धारित तिथि को आयोजित शिविर में पहुँचकर योजना की जानकारी प्राप्त करें और स्वच्छ एवं सस्ती सौर ऊर्जा का लाभ उठाएं।

'बिजली कर्मियों ने 60 साल पुरानी जर्मन मशीन को अपने कौशल से किया पुनर्जीवित'

कर्मियों की दक्षता में होगी वृद्धि, अतिउच्च दाब टावर निर्माण में आएगी तेज़ी



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के इंजीनियरों एवं तकनीकी कर्मचारियों ने अपने अनुभव, कौशल और नवाचार का उपयोग करते हुए लगभग 60 साल पुरानी जर्मन निर्मित रेडियल ड्रिल मशीन को सफलतापूर्वक पुनः कार्यशील बना दिया है। यह मशीन 1965 में जर्मनी से आयातित की गई थी और राज्य गठन के कुछ वर्षों बाद तकनीकी खराबी के कारण अनुपयोगी हो गई थी।

इस मशीन को सुधारने के लिए पहले विशेषज्ञों की तलाश की गई थी, परंतु इसकी अत्यधिक पुरानी तकनीक के कारण मरम्मत संभव नहीं हो सकी। इसके पश्चात पॉवर कंपनी के अनुभवी तकनीकी कर्मचारियों ने अपने स्तर पर इसके यांत्रिक एवं विद्युत घटकों का परीक्षण कर चरणबद्ध तरीके से इसे पुनः दुरुस्त करने का कार्य प्रारंभ किया और अंततः इसे पूर्ण रूप से कार्यशील बना दिया गया।

इस उल्लेखनीय तकनीकी उपलब्धि पर छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के अध्यक्ष श्री सुबोध कुमार सिंह एवं प्रबंध निदेशक श्री राजेश कुमार शुक्ला ने बिजलीकर्मियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह उदाहरण विभागीय दक्षता, आत्मनिर्भरता और संसाधनों के सर्वोत्तम उपयोग का परिचायक है।

श्री शुक्ला ने कहा कि आउटसोर्सिंग के बढ़ावा देने के युग में इनहाउस टैलेंट पर विश्वास करना एक अच्छी पहल है।

कार्यपालक निदेशक (ट्रांसमिशन) श्री वीके दीक्षित ने बताया कि रेडियल ड्रिल मशीन के पुनः चालू होने से अब अति उच्च दाब ट्रांसमिशन टावरों के निर्माण में प्रयुक्त मोटे स्टील एंगल, प्लेट एवं भारी संरचनात्मक सामग्री में सटीक और तीव्र ड्रिलिंग संभव हो सकेगी। इससे जहां काम की गति बढ़ेगी, वहीं अब यह कार्य कम कर्मचारियों में ही पूरा किया जा सकेगा, जिससे मानव संसाधन की दक्षता और उत्पादकता में वृद्धि होगी।

अधीक्षण अभियंता श्री केके यादव ने बताया कि यह मशीन जर्मनी की प्रसिद्ध हेवी इंडस्ट्रियल कंपनी बाटलीबाई ट्रांसमिशन टावर के हैवी एंगल व प्लेट की ड्रिलिंग के लिए डिजाइन की गई थी। यह साधारण ड्रिलिंग मशीन नहीं, बल्कि एक यूरोपियन ग्रेड हेवी इंडस्ट्रियल सिस्टम है, जिसमें 60 एमएम तक की स्टील की कटिंग, पंचिंग और नाचिंग तीनों काम एक साथ होता है। यह मशीन भिलाई-03 के वर्कशॉप में रखी थी, जो लगभग 20 वर्षों से बंद थी। इसे बनाने के लिए निर्माता कंपनी बाटलीबाई कंपनी जर्मनी से संपर्क किया गया, लेकिन 60 वर्ष पुरानी तकनीक होने के कारण इसके स्पेयर पार्ट की उपलब्धता नहीं होने के कारण रुचि नहीं ली।

श्री यादव ने बताया कि कार्यपालन अभियंता श्रीमती बरखा दुबे, सहायक अभियंता श्री आकाश सिन्हा, तकनीकी कर्मचारी श्री शाहजहां शाह, टी. सिम्हाचलम् सहित कर्मियों की टीम ने इसे खोलकर, समझकर और सुधारकर फिर से जीवन दे दिया है। इस काम में लगभग दो साल का समय लगा। इस रेडियल ड्रिल मशीन का फायदा यह है कि यह 16 एमएम मोटाई के लोहे के एंगल को दो दिशा (2-डी) में एक साथ छेद कर सकता है। यह 180 डिग्री में घूमकर काम करता है, जिससे काम जल्दी पूरा हो सकेगा। इसके पहले यह काम बाहरी एजेंसियों से कराना पड़ता था, जिससे इस कार्य में अधिक समय लगता और अधिक राशि भी लगती थी।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज़ में जीएसटी अनुपालन सुदृढ़ करने हेतु कार्यशाला का आयोजन

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनियों में जीएसटी कानून के विभिन्न पहलुओं पर आधारित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन 16 जनवरी को किया गया। इसमें मुख्य अतिथि ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री राजेश कुमार शुक्ला थे। उन्होंने कहा कि जीएसटी कानून के तहत स्क्रूटनी एवं वाद-विवाद से बचाव के लिए सटीकता एवं सुदृढ़ रिकॉर्ड कीपिंग अत्यंत आवश्यक है। फाइलों का बेहतर दस्तावेजीकरण, समय पर रिटर्न दाखिला एवं नियमों के अनुरूप लेखा प्रबंधन से न केवल जीएसटी अनुपालन सुनिश्चित होता है, बल्कि विवादों की स्थिति भी नहीं बनेंगी।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के वित्त संकाय ने इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया रायपुर शाखा के सहयोग से इस कार्यशाला का आयोजन डंगनिया मुख्यालय स्थित सेवा भवन में किया।

कार्यशाला का विषय जीएसटी से संबंधित मुकदमे एवं निराकरण प्रबंधन था, इसमें छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी के तीनों वित्त विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता सीए श्री विकास गोलछा, चेयरमैन, आईसीएआई रायपुर शाखा रहे। उन्होंने विभिन्न पहलुओं को सरल तरीके से समझाया एवं अधिकारियों के प्रश्नों का निराकरण भी किया। कार्यशाला में पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के कार्यपालक निदेशक (वित्त) श्री एम.एस. चौहान, जनरेशन कंपनी के कार्यपालक निदेशक (वित्त) श्री संदीप मोदी एवं डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के अतिरिक्त महाप्रबंधक (वित्त) श्री जी.के. राठी सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।



'अब व्हाट्सएप पर भेजा जाएगा बिजली बिल'

- **उपभोक्ता अपना बिल डाउनलोड करके रख सकेंगे हमेशा सुरक्षित**
- **एक क्लिक से बिल का तुरंत भुगतान**

प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं को अब उनके व्हाट्सएप नंबर पर बिल भेजा जाएगा। वे इस बिल का पीडीएफ डाउनलोड करके सुरक्षित रख सकेंगे, उसका प्रिंट भी निकाल सकेंगे। इसमें उन्हें एक क्लिक करके बिल भुगतान की सुविधा भी मिलेगी। यह व्हाट्सएप मैसेज छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के ऑफिशियल वेरीफाइड आईडी से भेजी जाएगी, जिसमें अधिकृत ब्लू टिक लगी रहेगी।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व एवं ऊर्जा सचिव व डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के अध्यक्ष डॉ. रोहित यादव के निर्देशन में पॉवर कंपनी, उपभोक्ताओं की सुविधाओं में लगातार वृद्धि हो रही है। इसी कड़ी में व्हाट्सएप सुविधा शुरू कर दी गई है।

प्रदेश में 65 लाख उपभोक्ता हैं, जिसमें से 40 लाख उपभोक्ताओं के मोबाइल नंबर कंपनी में रजिस्टर्ड हैं। उनमें से 30 लाख उपभोक्ता व्हाट्सएप उपयोग कर रहे हैं। पॉवर कंपनी इस सुविधा का लाभ लेते हुए उपभोक्ताओं तक व्हाट्सएप के माध्यम से बिजली बिल भेजेगी।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज़ के अतिरिक्त महाप्रबंधक (जनसंपर्क) श्री उमेश कुमार मिश्रा ने बताया कि वर्तमान में मीटर रीडिंग के समय उपभोक्ता को घर पर बिल की प्रति प्रदान की जाती है साथ ही एसएमएस से भी बिल की सूचना भेजी जा रही है। अब इसमें एक और बड़ी सुविधा प्रदान की जा रही है। उपभोक्ताओं को रीडिंग दर्ज होने के बाद व्हाट्सएप पर मैसेज पहुंच जाएगा। इसका सीधा फायदा उपभोक्ता को यह होगा कि उन्हें मोबाइल पर पूरा डिटेल बिल पीडीएफ के रूप में प्राप्त हो जाएगा। साथ ही उन्हें एक क्लिक पर भुगतान की सुविधा भी प्राप्त हो जाएगी। यह सूचना उन्हें हिन्दी के अलावा छत्तीसगढ़ी व अंग्रेजी में प्राप्त होगी।

इसके लिए वे मनपसंद भाषा का चयन मोर बिजली एप में भाषा चयन (लैंग्वेज प्रिफरेंस) के विकल्प से कर सकते हैं। यह व्हाट्सएप संदेश उन्हें ऑफिशियल आईडी छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड (सीएसपीडीसीएल) से भेजा जाएगा, जिसमें भीतर ऑफिशियली वेरीफाइड मोबाइल नंबर 942555-1912 दर्ज रहेगा।

जिन उपभोक्ताओं के व्हाट्सएप नंबर रजिस्टर्ड नहीं हैं, उन्हें इस सुविधा का लाभ लेने के लिए अपना नंबर रजिस्टर्ड कराना होगा। मोबाइल नंबर रजिस्टर कराने के लिए बिजली उपभोक्ता मोर बिजली एप या टोल फ्री नंबर 1912 पर फोन करके या अपने बिजली ऑफिस से संपर्क कर सकते हैं। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री भीमसिंह कंवर ने उपभोक्ताओं से इसका अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की है।

'कैसे रजिस्टर्ड कराएं मोबाइल नंबर'

उपभोक्ताओं को अपने व्हाट्सएप नंबर रजिस्टर्ड कराने के लिए टोल फ्री नंबर 1912 में डायल करना होगा या फिर मोर बिजली एप के जरिए नंबर दर्ज करा सकते हैं। इसके लिए उन्हें अपना उपभोक्ता क्रमांक (10 अंकों वाला बीपी नंबर) के साथ आखिरी बिल भुगतान की तारीख व राशि बतानी होती है। इस वेरिफिकेशन के पश्चात् उनका नंबर रजिस्टर्ड कर लिया जाएगा, जिसके बाद उन्हें भी व्हाट्सएप से बिजली बिल मिलने लगेगा।

रूफटॉप सोलर पेनल अनिवार्यता विशेष परिस्थिति में बिजली कर्मियों को छूट

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी द्वारा प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना को बिजली कर्मियों के लिए प्रभावी एवं सरल बनाने हेतु दिशा निर्देश जारी किया गया है। प्रबंधन ने पूर्व में भी पॉवर कंपनी के नियमित अधिकारी कर्मचारियों को अपने आवासीय परिसरों में रूफटॉप सोलर पॉवर प्लांट स्थापित करने एवं नवम्बर तक अनिवार्य रूप से पंजीयन करने के निर्देश दिये थे तथा पंजीयन न करने की स्थिति में बिजली बिल में विशेष रियायतों की सुविधा को दिसंबर माह से बंद करने का निर्णय लिया था।

मानव संसाधन विभाग छत्तीसगढ़ पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी द्वारा परिपत्र जारी करते हुए बताया गया है कि विशेष श्रेणियां ही अनिवार्य स्थापना की छूट के पात्र रहेंगे। जिसके अंतर्गत यदि कर्मी कंपनी आवास या फ्लैट में निवासरत है एवं छत्तीसगढ़ में किसी भी स्थान पर उनका या पति-पत्नी के नाम पर आवास नहीं है। इसी तरह यदि कर्मचारी किराए के मकान में रह रहा है और संपूर्ण छत्तीसगढ़ में पति-पत्नी के नाम पर स्वयं का घर नहीं है। इसके अलावा यदि कर्मचारी संयुक्त परिवार में निवासरत है और विद्युत कनेक्शन संबंधित अधिकारी-कर्मचारी अथवा पति-पत्नी के नाम पर दर्ज नहीं हैं। तकनीकी एवं संरचनात्मक बाधाएं की वजह से भी कई बार सोलर पैनल लगवाने में रुकावट होती हैं। यदि निजी आवास की छत की बनावट सोलर पैनलों का भार सहने हेतु तकनीकी रूप से उपयुक्त नहीं है।

बहुमंजिला इमारत या अपार्टमेंट में निवासरत अधिकारी-कर्मचारी के लिए जहां साझा छत की बाधा है और वर्चुअल नेट मीटरिंग या अन्य माध्यमों से भी स्थापना संभव नहीं है। इसी स्थिति में इन्हें विशेष श्रेणी में माना जाएगा और रूफटॉप सोलर पॉवर प्लांट स्थापित करने की पात्रता से छूट रहेंगी। इस प्रक्रिया में अधिकारी-कर्मचारियों को घोषणा पत्र भर कर कार्यालय प्रमुख को प्रस्तुत करना होगा जिसके उपरांत सक्षम अधिकारी द्वारा निर्णय लिया जाएगा। प्रबंधन लगातार योजना के सुचारू संचालन हेतु लोन की सुविधा, सरल सुगम ऑनलाइन पंजीयन प्रक्रिया, हेल्प डेस्क एवं सब्सिडी प्रदान कर रही है।

मक्का किसानों की सुविधा के लिए बढ़ाई बिजली उपकेंद्र की क्षमता

- **132 केवी उपकेंद्र मसोरा में 8 करोड़ की लागत से लगा नया ट्रांसफार्मर**
- **डेढ़ लाख उपभोक्ताओं को मिलेगी लो-वोल्टेज से स्थायी राहत**
- **कोंडागांव जिले को बड़ी सौगात, 63 एमवीए अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर ऊर्जीकृत**



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज बिजली उपभोक्ताओं और किसानों के लिए अधोसंरचना को निरंतर अपग्रेड कर रही है। इस दिशा में ट्रांसमिशन कंपनी ने मसोरा स्थित 132 केवी अतिउच्च दाब उपकेंद्र में 63 एमवीए का अतिरिक्त ट्रांसफार्मर को 2 जनवरी को ऊर्जीकृत किया। इसका लाभ कोंडागांव जिले के 21 हजार किसानों को मिलेगा, जो ग्रीष्मकाल में फसलचक्र परिवर्तन को अपनाकर मक्के की खेती कर रहे हैं। साथ ही आदिवासी क्षेत्र के डेढ़ लाख उपभोक्ताओं को निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति हो सकेगी।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री राजेश कुमार शुक्ला ने इस मौके पर कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में आदिवासी व वनांचल क्षेत्रों में अधोसंरचना विकास को कार्य तीव्र गति से किये जा रहे हैं। इसी के तहत कोंडागांव जिले के 132/33 केवी उपकेंद्र मसोरा में 8.5 करोड़ की लागत से स्थापित 63 एमवीए क्षमता का अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर सफलतापूर्वक ऊर्जीकृत किया गया। इस उपकेंद्र मसोरा में पूर्व से 40 एमवीए क्षमता के दो पॉवर ट्रांसफार्मर कार्यरत थे, जिनसे 33 केवी के कुल 8 फीडर निकलते हैं। इन फीडरों के माध्यम से कोंडागांव जिला के कोंडागांव, फरसगांव एवं माकड़ी ब्लॉक के संपूर्ण क्षेत्र तथा बड़ेराजपुर ब्लॉक के आंशिक क्षेत्र को विद्युत आपूर्ति की जाती है।

वहीं, जिले के केशकाल ब्लॉक का संपूर्ण क्षेत्र एवं बड़ेराजपुर ब्लॉक का शेष भाग 132/33 केवी उपकेंद्र कांकेर से विद्युत आपूर्ति प्राप्त करता है।

डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के मुख्य अभियंता (जगदलपुर क्षेत्र) श्री टीके मेश्राम ने बताया कि कोंडागांव जिले में रबी सीजन के दौरान मक्के की व्यापक खेती होने के कारण ग्रीष्म ऋतु में सिंचाई हेतु विद्युत मांग अत्यधिक बढ़ जाती थी। इसके परिणामस्वरूप उपकेंद्र मसोरा पर ओवरलोड की स्थिति उत्पन्न होती थी, जिससे पूरे जिले में लो वोल्टेज एवं विद्युत कटौती जैसी समस्याएं सामने आती थीं। क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ताओं, जनप्रतिनिधियों एवं जिला प्रशासन के समक्ष किसानों ने इस समस्या के निराकरण की मांग भी की थी। अब 63 एमवीए अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर के ऊर्जीकृत होने से उपकेंद्र मसोरा की कुल क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इससे जिले में विद्युत आपूर्ति स्थिर, विश्वसनीय एवं गुणवत्तापूर्ण होगी, ग्रीष्म ऋतु में होने वाली लो वोल्टेज एवं कटौती की समस्या से स्थायी निजात मिलेगी तथा कृषि, घरेलू एवं वाणिज्यिक उपभोक्ताओं को बड़ा लाभ प्राप्त होगा। यह महत्वपूर्ण उपलब्धि कोंडागांव जिले के समग्र विकास, किसानों की सिंचाई सुविधा, तथा आम नागरिकों के बेहतर जीवन स्तर की दिशा में एक सशक्त कदम है। इस अवसर पर ट्रांसमिशन कंपनी के मुख्य अभियंता श्री अब्राहम वर्गीस, श्री संजय तिवारी, अधीक्षण अभियंता श्री एच के सूर्यवंशी, श्री कतलम, कार्यपालन अभियंता श्री पीवी राजेश सहित ट्रांसमिशन एवं डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

जगदलपुर में तकनीकी ज्ञान संवर्धन हेतु टेक्निकल मीट

400 केवी उपकेन्द्र वृत्त, रायपुर के तत्वावधान में दिनांक 11 दिसंबर को 400 केवी उपकेन्द्र, जगदलपुर में एक दिवसीय टेक्निकल मीट का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अभियंताओं द्वारा ट्रांसमिशन सबस्टेशन के संचालन, अनुरक्षण, परीक्षण एवं सुरक्षा प्रणाली से संबंधित विभिन्न तकनीकी विषयों पर पीपीटी के माध्यम से अपने अनुभव एवं तकनीकी ज्ञान को साझा किया गया। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक श्री वीरेन्द्र कुमार दीक्षित द्वारा अपने दीर्घकालीन कार्यानुभव साझा किए गए, जिससे अभियंताओं को तकनीकी कार्यों के साथ-साथ प्रबंधकीय एवं व्यावहारिक दृष्टिकोण की महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई।

अधीक्षण अभियंता श्री करुणेश कुमार यादव द्वारा सर्किट ब्रेकर एवं कंट्रोल एंड रिले पैनल की ड्रॉइंग को विस्तारपूर्वक समझाया गया, जिससे अभियंताओं को इनके कार्य सिद्धांत, सुरक्षा



व्यवस्था एवं परीक्षण प्रक्रिया की गहन समझ प्राप्त हुई। इसी क्रम में विभिन्न 400 केवी उपकेन्द्रों की टीमों द्वारा महत्वपूर्ण तकनीकी विषयों पर प्रस्तुतियाँ दी गईं।

400 केवी उपकेन्द्र खेदामारा की टीम द्वारा रिस्ट्रक्टेड अर्थ फॉल्ट प्रोटेक्शन के विषय पर रायता की टीम द्वारा 400 केवी सबस्टेशन के अर्थिंग सिस्टम विषय पर कुरूद की टीम द्वारा नाइट्रोजन इंजेक्शन फायर प्रोटेक्शन सिस्टम प्रणाली पर प्रस्तुति दी गई। इसके अतिरिक्त जगदलपुर की टीम द्वारा 220 वोल्ट बैटरी इंस्टॉलेशन विषय पर प्रस्तुति दी गई। 400 केवी उपकेन्द्र वृत्त, रायपुर द्वारा समय-समय पर इस प्रकार के टेक्निकल मीट का आयोजन सभी 400 केवी उपकेन्द्रों में किया जाता है, जिससे अभियंताओं की तकनीकी दक्षता में निरंतर वृद्धि हो तथा पारेषण प्रणाली की विश्वसनीयता एवं कार्यकुशलता में और अधिक सुदृढ़ता लाई जा सके। इस अवसर पर कार्यपालन अभियंता श्री शैनु थॉमस, श्री जे. एल. साहू, श्री हरीश देवांगन, श्री रोहित वर्मा, श्री सुधांशु त्रिपाठी सहित सहायक अभियंता एवं कनिष्ठ अभियंता गण उपस्थित रहे।

एपीके फाइल के जरिए ठगी से रहें सतर्क

- **पॉवर कंपनी 10 अंकों के मोबाइल नंबर से कोई लिंक/एपीके फाइल नहीं भेजती**
- **बिजली कनेक्शन के डिमांड के भुगतान के नाम पर साइबर ठगी**

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी में नए बिजली कनेक्शन देने के नाम पर व्हाट्सएप के माध्यम से साइबर ठगी के मामले सामने आ रहे हैं। इसे देखते हुए पॉवर कंपनी ने स्पष्ट किया है कि नए कनेक्शन के लिए पॉवर कंपनी किसी भी प्रकार की एपीके फाइल व्हाट्सएप पर नहीं भेजती है और न ही कभी इसे डाउनलोड करने के लिए कहा जाता है। इस प्रकार के संदेश प्राप्त होने पर उन्हें क्लिक न करें।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के कार्यपालक निदेशक (ऊर्जा एवं सूचना प्रौद्योगिकी) श्री वी. के. साय ने बताया कि कुछ जिलों में उपभोक्ताओं द्वारा इस प्रकार की शिकायतें पुलिस में दर्ज कराई गई हैं। इन मामलों में उपभोक्ताओं के मोबाइल नंबर पर नए बिजली कनेक्शन के डिमांड के भुगतान के लिए व्हाट्सएप पर एपीके फाइल भेजी गई।

साइबर ठगी करने वालों ने इसे डाउनलोड कर कुछ प्रक्रियाएं पूरी करने को कहा, जिसके बाद उपभोक्ताओं का मोबाइल हैक हो गया और उनके खाते से धनराशि निकल गई। श्री साय ने उपभोक्ताओं को सतर्क करते हुए कहा कि बिजली से संबंधित भुगतान केवल निर्धारित माध्यमों से ही करें। साइबर अपराधियों के झांसे में न आएं। वे कभी बिजली कनेक्शन काटने के नाम पर तो कभी नए कनेक्शन देने के नाम पर ठगी करने का प्रयास कर रहे हैं।

पॉवर कंपनी कभी भी 10 अंकों वाले मोबाइल नंबर से न तो संदेश भेजती है और न ही किसी प्रकार का भुगतान लेती है। भुगतान की सुविधा केवल संबंधित बिजली कार्यालय, एटीपी केंद्र, मोर बिजली ऐप या कंपनी की अधिकृत वेबसाइट के माध्यम से ही उपलब्ध है।

उन्होंने बताया कि बिजली से संबंधित संदेश भेजने के लिए कंपनी CSPDCL-S सेंडर आईडी (ID) का उपयोग करती है। मितान बॉट की व्हाट्सएप सुविधा में भी केवल सत्यापित आधिकारिक पहचान का ही उपयोग किया जाता है।

इसके अतिरिक्त किसी अन्य नंबर से प्राप्त संदेश पर किसी भी प्रकार का भुगतान न करें। अधिक जानकारी के लिए केंद्रीकृत कॉल सेंटर 1912 अथवा अपने नजदीकी वितरण केंद्र से संपर्क करें।



एचटीपीएस ने हाईस्कूल के बच्चों का कराया सेमिनार एवं कॅरियर काउंसिलिंग

हसदेव ताप विद्युत गृह (एचटीपीएस) कोरबा पश्चिम की ओर से नई परियोजना 2x660 मेगावाट विद्युत संयंत्र के समीपस्थ 11 गांवों के विद्यार्थियों के लिए केंद्रीय पेट्रो रसायन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सिपेट) की मदद से दो दिवसीय सेमिनार व कॅरियर काउंसिलिंग कराया गया। छग. स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी निगमित पर्यावरणीय उत्तरदायित्व (CER- Corporate Environmental Responsilibilty) के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रही है। छग. स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी, हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम के समीपस्थ 11 गांवों में सीईआर के कार्यों को विस्तारित कर रही है।

शासकीय हाईस्कूल, गोपालपुर में 24 एवं 25 नवंबर को दो दिवसीय सेमिनार एवं कॅरियर काउंसिलिंग आयोजित की गई। यह आयोजन अतिरिक्त मुख्य अभियंता (तकनीकी एवं सहायक सेवाएं) श्री एमके. गुप्ता के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण विभाग के संयोजन से कराया गया। सिपेट कोरबा के प्रशिक्षकों की टीम में श्री रजनीश पांडेय, श्री संजय बदुक, श्री महेश तुड़ शामिल रहे। सिपेट के प्रशिक्षकों ने हाईस्कूल के 90 विद्यार्थियों को 11 वीं कक्षा के लिए विषय चयन, स्नातक, स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम एवं पीएचडी. के विषय में विस्तार से बताया। साथ ही विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के विषय में जानकारी देते हुए लक्ष्य के अनुरूप तैयारी एवं व्यक्तित्व विकास के भी सुझाव दिए। एनटीपीसी के उप-महाप्रबंधक (राखड़ उपयोगिता) श्री प्रशांत कुमार नंदी ने यूपीएससी, सीजीपीएससी एवं कौशल विकास पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर शासकीय हाईस्कूल, गोपालपुर की व्याख्याता श्रीमती पी. बंजारे, अधीक्षण अभियंता (प्रशिक्षण) श्री सुमित सिंह एवं कार्यपालन अभियंता (प्रशिक्षण) श्री मनोज मिश्रा उपस्थित रहे।

प्रबंध निदेशक श्री भीम सिंह कंवर ने किया केन्द्रीय परीक्षण प्रयोगशाला भिलाई में दो स्मार्ट मीटर बेंच का उद्घाटन



प्रबंध निदेशक डिस्ट्रीब्यूशन श्री भीम सिंह कंवर ने भिलाई-तीन स्थित केंद्रीय परीक्षण प्रयोगशाला (मीटर टेस्टिंग लैब) की दो नई स्मार्ट मीटर बेंचों का उद्घाटन 6 जनवरी को किया। पूरे प्रदेश की मीटर परीक्षण भिलाई में की जाती थी, जहां उपलब्ध एक ही बेंच पर पूरे प्रदेश के सभी प्रकार के मीटरों का परीक्षण किया जाता था। इस कार्य में बहुत समय लगता था, इसलिए राज्य सरकार ने पॉवर कंपनी के प्रस्ताव पर 6 करोड़ 82 लाख रुपए की लागत से प्रदेश के रायपुर एवं बिलासपुर में नई मीटर टेस्टिंग लैब एवं भिलाई में पूर्व से स्थापित लैब की क्षमता वृद्धि की स्वीकृति प्रदान की। अब प्रयोगशाला में कुल तीन बेंच हो गए हैं। जिससे प्रयोगशाला की क्षमता बढ़ गई है, अब एक साथ 60 मीटरों की जांच की जा सकती है। उल्लेखनीय है कि यह छत्तीसगढ़ की पहली प्रयोगशाला है जिसे राष्ट्रीय परीक्षण और शोधन प्रयोगशाला प्रत्यायन बोर्ड (एनएबीएल) से मान्यता प्राप्त है। यहाँ मीटर टेस्टिंग के अलावा केबल, कंडक्टर एवं सीटीपीटी की जांच भी की जाती है। वर्तमान में यहाँ पॉवर और डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफार्मर परीक्षण प्रयोगशाला का निर्माण कार्य प्रगति पर है।

प्रयोगशाला में स्थापित नई स्मार्ट मीटर बेंच मशीनें जर्मनी की अत्याधुनिक "जेरा" कंपनी की हैं। प्रयोगशाला में एक थ्री-फेस और एक सिंगल-फेस बेंच लगाई गई है, जिससे सभी प्रकार के स्मार्ट मीटरों की जांच संभव होगी। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक श्री एस.के. ठाकुर, श्री शिरीष शैलेट, मुख्य अभियंता श्री संजय खंडेलवाल, श्री एम. जामुलकर, श्रीमती चंद्रकला गिडवानी, मुख्य अभियंता श्रीमती रश्मि वर्मा सहित अधीक्षण अभियंता श्री आर.के. मिश्रा, श्री जे.जगन्नाथ प्रसाद, श्री मनोज वर्मा, श्री पी. एल. सिदार, श्री आर.के. चन्द्रकार और कार्यपालन अभियंता श्री अविनाश चौहान जैसे कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

'बेहतर विद्युत आपूर्ति के लिए बढ़ाई अतिउच्चदाब उपकेंद्र की क्षमता'

- **150 से अधिक गांवों के घरेलू, कृषि व औद्योगिक उपभोक्ताओं को मिलेगा लाभ**

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी निरंतर और गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति के लिए प्रदेश में लगातार पारेषण क्षमता का विस्तार कर रही है। इसी कड़ी में 132/33 केवी उपकेन्द्र झलप में नए 63 एमवीए पॉवर ट्रांसफार्मर का ऊर्जीकरण प्रबंध निदेशक श्री राजेश कुमार शुक्ला ने 5 फरवरी को किया।

इस कार्य को एक महीने से भी कम समय में पूरा करने में सफलता प्राप्त की गई। इस क्षमता विस्तार से लगभग 150 गांवों में गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति हो सकेगी। इस क्षेत्र में उन्नत खेती के साथ कृषि संबंधी उद्योग एवं अन्य औद्योगिक इकाइयां संचालित हैं।

इस अवसर पर श्री शुक्ला ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय एवं पॉवर ट्रांसमिशन



कंपनी के अध्यक्ष श्री सुबोध कुमार सिंह के निर्देशन में प्रदेश में पारेषण नेटवर्क को मजबूत बनाने की दिशा में योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जा रहा है। इसमें आदिवासी, वनांचल और ग्रामीण क्षेत्रों पर भी फोकस किया जा रहा है। इसी के तहत 132/33 के.वी. उपकेन्द्र झलप (महासमुंद) में 40 एमवीए के पॉवर ट्रांसफार्मर के स्थान पर नवीन 63 एमवीए का पॉवर ट्रांसफार्मर को _____ ऊर्जीकृत किया गया। इसकी लागत लगभग 6 करोड़ रुपए है। नए ट्रांसफार्मर के समावेश से उपकेन्द्र की क्षमता 120 से बढ़कर 143 एमवीए हो गई है। झलप उपकेन्द्र में 220 केवीए की परसवानी लाइन के साथ ही 132 केवीए बसना, सांकरा, बागबाहरा व एकमी सोलर की लाइन आती है तथा 33 केवीए के नौ फीडर से सप्लाई होती है, जिनमें झलप, पिथौरा, रायतुम, बावनकेरा, चिटको, नारटोरा, तांदुकोना व ढाक फीडर से 150 से अधिक गांवों में विद्युत आपूर्ति की जाती है।

इस अवसर पर मुख्य अभियंता श्री अब्राहम वर्गीस, अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री आर. के. तिवारी, अधीक्षण अभियंता श्री वाय. के. मनहर, श्री पी. के. गढ़ेवाल, श्री धनेश देवांगन, श्री विक्रम मंथन, श्री रवि चंद्राकर, कार्यपालन अभियंता श्री प्रशांत साहू, श्री विंध्याचल गुप्ता, श्री भुवनेश्वर दीवान, श्री पंचूराम वर्मा, सहायक अभियंता श्री प्रदीप साहू, सुश्री लता जगत, श्री राजेंद्र चौहान, श्री नारायण प्रसाद लोधी एवं श्री दीपक सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे। इस उपलब्धि से क्षेत्र के कृषकों एवं उपभोक्ताओं को उच्च गुणवत्ता की विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी तथा ग्रामीण अंचलों के विकास में महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा।

खदान संचालन में पॉवर जनरेशन कंपनी लगातार पांचवें वर्ष अव्वल

65 खदानों में थी स्पर्धा, 7 श्रेणियों में अग्रणी



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी लिमिटेड की गारे पेलमा खदान तीन को सर्वश्रेष्ठ खदान संचालन के क्षेत्र में विभिन्न श्रेणियों के अंतर्गत 7 पुरस्कारों से नवाजा गया है। जनरेशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री एस. के. कटियार एवं उनकी टीम ने छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन एवं जनरेशन कंपनी के अध्यक्ष डॉ रोहित यादव (आईएएस) को यह ट्रॉफियां सौंपी। डॉ रोहित यादव ने उत्पादन कंपनी के अधिकारियों-कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि "विद्युत कर्मियों की प्रतिबद्धता और कौशल के बूते इस मुकाम तक पहुँचा गया है। आगे भी उत्कृष्टता बनाने हेतु सभी संकल्पित रहें।"

उल्लेखनीय है कि सीएसपीजीसीएल बिजली उत्पादन के अतिरिक्त कोयला खदान संचालन का कार्य भी उत्कृष्टता के साथ कर रही है। यह कार्य परंपरा से हटकर है। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के अधीनस्थ महानिदेशालय खान सुरक्षा द्वारा वार्षिक कोयला खान सुरक्षा पखवाड़ा 2025 में गारे पेलमा खदान तीन को इन मानदंडों पर उत्कृष्ट कार्यनिष्पादन के लिए 7 पुरस्कार प्राप्त हुए। ओवरऑल ग्रुप ई (उत्पादन क्षमता 3 मिलियन टन से 5 मिलियन टन तक) की श्रेणी में गारे पेलमा खदान तीन पिछले पांच वर्षों से खदान संचालन में सुरक्षा संबंधी मानदंडों के पालन में उम्दा प्रदर्शन करते हुए प्रथम पुरस्कार प्राप्त कर रहा है।

बैकुंठपुर में आयोजित इस कार्यक्रम में कुल 65 खानों के कामकाज का मूल्यांकन किया गया जिसमें स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी के खदान को ओवरऑल ग्रुप ई श्रेणी में प्रथम, साथ ही सेफ्टी मैनेजमेंट प्लान, एक्सप्लोसिव (विस्फोटक), इलुमिनेशन (माइंस में लाइट व्यवस्था) में भी प्रथम पुरस्कार एवं माईन वर्किंग, डंप मैनेजमेंट, रिक्लेमेशन एवं अफॉरेस्टेशन, सर्वेक्षण श्रेणी में द्वितीय पुरस्कार मिला है। समग्र प्रदर्शन साथ गारे पेलमा खदान द्वारा कुल 7 पुरस्कार हासिल किए गए। कार्यक्रम में सक्रिय भागिता के साथ प्रदर्शन स्थल पर स्टॉल भी लगाए गए। प्रबंध निदेशक जनरेशन श्री एस. के. कटियार द्वारा अध्यक्ष डॉ रोहित यादव को खदान संबंधी एवं पुरस्कार विवरण की जानकारियां दी गईं। श्री कटियार ने कहा कि यह हमारी कंपनी के लिए बहुत ही गर्व का विषय है। हमारी खदान सुरक्षा नियमों के सभी मानदंडों पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है तथा 500-500 मेगावाट एबीवीटीपीएस मड़वा परियोजना को कोयले की आपूर्ति निर्बाध रूप से कर प्रदेश को सतत् विद्युत आपूर्ति किए जाने का कार्य सफलतापूर्वक किया जा रहा है। हमारी टीम सुरक्षित, कुशल एवं सटीक संचालन के लिए तत्पर है। मुख्य अभियंता सिविल परियोजना एक श्री देवेन्द्र नाथ ने समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में कंपनी की ओर से प्रतिनिधि करते हुए पुरस्कार ग्रहण किया।

लाइन परिचारकों के मानदेय में बड़ा इजाफा, अब पेट्रोल भत्ता भी मिलेगा

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी ने संविदा पर कार्यरत लाइन परिचारकों के हित में दो बड़े फैसले करते हुए मानदेय में लगभग 33 प्रतिशत की वृद्धि एवं नियुक्ति आदेश में उल्लेखित 10 वर्ष की संविदा सेवा के पश्चात् सेवासमाप्ति से राहत देने का निर्णय लिया गया है।

ट्रांसमिशन कंपनी के कार्यालय मुख्य अभियंता (मानव संसाधन) ने इस संबंध में आदेश जारी किया गया, जिसके अनुसार लाइन परिचारक (संविदा) का मूलवेतन 15600 रुपए होगा। इसमें पांच प्रतिशत मैदानी भत्ता प्रदान किया जाएगा। इसके साथ ही अनुभव के आधार पर विशेष भत्ता प्रतिमाह प्रदान किया जाएगा, जो तीन वर्ष से सात वर्ष तक के अनुभव के आधार पर चार स्लैब में होगा।

इसके पूर्व 14,645 रुपए प्रतिमाह का फिक्स मानदेय था, यह अब 19,366 रुपए प्रतिमाह तक कर दिया गया है। इस तरह मासिक मानदेय में 4,721 रुपए की सीधी बढ़ोतरी हुई है, जो लगभग 33 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि है। साथ ही उनकी नियुक्ति के समय जारी आदेश में उल्लेखित सेवा समाप्ति की बाध्यता को भी समाप्त कर दिया गया है, जिसमें उनकी नियुक्ति 10 वर्ष करने का उल्लेख किया गया था। अब कंपनी आवश्यकतानुसार एवं कार्य मूल्यांकन में योग्य पाए जाने पर संविदा सेवा अवधि को एक-एक वर्ष के स्लैब में विस्तारित किया जा सकेगा। अनुभव की गणना प्रथम नियुक्ति आदेश के ज्वाइनिंग दिनांक से की जाएगी।

यह नई मानदेय व्यवस्था 1 फरवरी 2026 से हुई है। इसमें कर्मचारी भविष्य निधि एवं कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम के प्रावधानों का लाभ देने के लिए अंशदान भी लिया जाएगा तथा नियुक्ता का अंशदान भी नियमानुसार देय होगा। इसके अलावा अनुभव के आधार पर विशेष भत्ता भी जोड़ा गया है, जिससे वरिष्ठ और अनुभवी कर्मचारियों को अतिरिक्त लाभ मिलेगा। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि लाइन परिचारकों को पहली बार 800 रुपए प्रतिमाह पेट्रोल भत्ता दिया जाएगा।

राष्ट्रीय स्तर खेल प्रतियोगिता

47वीं अखिल भारतीय विद्युत खेल प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज़ के खिलाड़ियों ने देश के विभिन्न राज्यों में अपना शानदार प्रदर्शन कर राष्ट्रीय स्तर पर पॉवर कंपनीज़ का नाम रोशन किया है। हर वर्ष विभिन्न स्पर्धाओं में अलग-अलग श्रेणियों में स्थान हासिल कर खिलाड़ी नित नये कीर्तिमान रच रहे हैं। इसी के तहत हमारी महिला एवं पुरुष टीमों ने राष्ट्र के विभिन्न प्रदेशों में प्रतिनिधित्व कर पॉवर कंपनी का नाम रोशन किया है।

अखिल भारतीय विद्युत शटल बैडमिंटन टूर्नामेंट

- **'ऑल इंडिया बैडमिंटन टूर्नामेंट में केरल का दबदबा, तीनों इवेंट में बना विजेता'**



47वीं ऑल इंडिया इलेक्ट्रिसिटी शटल बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन 11 सितंबर को राजधानी रायपुर में किया गया। इसकी मेजबानी छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज की सेंट्रल स्पोर्ट्स एंड कल्चरल कमेटी ने किया।

टीम इवेंट में केरल स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड विजेता रहा। उपविजेता तमिलनाडु पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कार्पोरेशन रही। तीसरे स्थान पर कर्नाटक पॉवर ट्रांसमिशन कार्पोरेशन रही। मेन्स डबल में केरल के श्याम प्रसाद व विष्णु राजेंद्रन विजेता रहे। दूसरे स्थान पर आंध्रप्रदेश के बी उदय भास्कर व के संकेत तथा तीसरे स्थान पर तेलंगाना के बी कुष्कांत व के दिनेश रेड्डी रहे। मेन्स सिंगल में केरल के श्याम प्रसाद प्रथम व अजय सतीश नायर द्वितीय रहे। तीसरे स्थान पर छत्तीसगढ़ के अविनेश पाठक ने बाजी मारी। इस तरह तीनों इवेंट में केरल के खिलाड़ियों ने पहला स्थान बनाये रखा।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि ऊर्जा सचिव व पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन व जनरेशन कंपनी के अध्यक्ष डॉ. रोहित यादव थे। उन्होंने विजयी टीम को पुरस्कृत किया।

इस अवसर पर प्रबंध निदेशक श्री एसके कटियार, श्री राजेश कुमार शुक्ला एवं वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री भीम सिंह कंवर के साथ ऑल इंडिया इलेक्ट्रिसिटी स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड के अध्यक्ष व कार्यपालक निदेशक श्री केएस मनोठिया, केंद्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के महासचिव एमएस चौहान, कार्यपालक निदेशक जेएस नेताम, मुख्य अभियंता श्री संजीव सिंह सहित कार्यपालक निदेशक-मुख्य अभियंतागण उपस्थित थे।

पूरे टूर्नामेंट में चीफ रेफरी रहे श्री प्रताप भट्टाचार्य व मैच कंट्रोलर गुरदीप



सिंह तथा अंपायर हेम पांडेय, घनश्याम सोनी, आदित्य भट्टाचार्य, अनुराग डे व श्रीराम यादव को भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

इसमें कर्नाटका पॉवर ट्रांसमिशन कार्पोरेशन लिमिटेड, कर्नाटका पॉवर कार्पोरेशन, तमिलनाडु पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कार्पोरेशन लिमिटेड, यूपी पॉवर कार्पोरेशन लिमिटेड, केरल स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड, आंध्रप्रदेश ट्रांसमिशन कार्पोरेशन लिमिटेड, तेलंगाना ट्रांसमिशन कार्पोरेशन लिमिटेड, असम स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड, दिल्ली ट्रांस्को लिमिटेड की टीम ने हिस्सा लिया। आभार प्रदर्शन कमेटी के सचिव श्री राजेश सिंह ने किया व मंच संचालन प्रबंधक (जनसंपर्क) श्री गोविन्द पटेल ने किया।

छत्तीसगढ़ की महिला टीम 8 पदकों के साथ राष्ट्रीय स्तर में तीसरे स्थान पर



47वीं अखिल भारतीय विद्युत महिला क्रीड़ा प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की महिला टीम ने 6 राज्यों की टीमों से मुकाबला कर टीम चैंपियनशिप में तीसरा स्थान हासिल कर कांस्य पदक अपने नाम किया। यह स्पर्धा तमिलनाडु राज्य द्वारा 3-5 दिसंबर को चेन्नई में आयोजित की गयी थी, जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम ने तमिलनाडु, कर्नाटक, तेलंगाना, केरल, आंध्र प्रदेश, असम के साथ मुकाबला करते हुए संपूर्ण टूर्नामेंट में 8 पदकों के साथ तीसरे स्थान हासिल किया। तीन दिवसीय इस स्पर्धा में छत्तीसगढ़ महिला टीम ने पांच अलग अलग खेल वर्ग में अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। टेबल टेनिस श्रेणी में सामूहिक वर्ग में रजत पदक, डबल्स वर्ग में स्वर्ण एवं एकल में स्वर्ण और कांस्य दोनों पदकों पर कब्जा किया। इसी तरह बैडमिंटन एवं शतरंज श्रेणी में सामूहिक वर्ग में रजत और कैरम में कांस्य पदक विजेता रहे। शतरंज श्रेणी में सुश्री नूतन ठाकुर एकल स्पर्धा में हैट्रिक बनते हुए एकल वर्ग में स्वर्ण पदक विजेता रही। वह वर्ष 2021 से अब तक लगातार तीन वर्षों से शतरंज की चैंपियन रही है। टीम की मैनेजर श्रीमती अनामिका मांडवी एवं कोच श्री रजनीश ओबेरॉय के नेतृत्व में टीम तमिलनाडु गई थी। इस स्पर्धा में कैरम टीम से श्रीमती कंचन महेश ठाकुर, सुश्री नमिता जैन, श्रीमती शकुंतला करक, श्रीमती अनिता रोही, बैडमिंट टीम से सुश्री झरना लता साहू, सुश्री जुवेना गेम्स, श्रीमती गायत्री दीवान, टेबल टेनिस श्रेणी से सुश्री दिव्या आमदे, श्रीमती श्रद्धा वर्मा, श्रीमती शिखा खंडे, श्रीमती शोभना सिंह, शतरंज से सुश्री नूतन ठाकुर, श्रीमती मीना कुर्रे, श्रीमती स्मिता सोनी, श्रीमती भारती साहू, एवं टेनिकोट खेल से सुश्री एलिस मेरी केरकेट्टा, सुश्री उपासी दांगी, श्रीमती यशोदा रौतिया, सुश्री कल्याणी वर्मा ने भाग लिया।

अखिल भारतीय विद्युत कैरम प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ दूसरे स्थान पर

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी द्वारा 47 वीं अखिल भारतीय विद्युत कैरम प्रतियोगिता में भाग ले कर उपविजेता का स्थान प्राप्त करने में कामयाब रहें। छत्तीसगढ़ कैरम टीम के सभी खिलाड़ियों, टीम मैनेजर श्री पी. नागेश्वर राव,



टीम कप्तान श्री विनोद राठौर, सुजीत मोदी, कमलेश ठाकुर, मैरिशस मार्लिन, सुशांत कटकवार ने राष्ट्रीय स्तर पर अच्छा प्रदर्शन कर देश का नाम रौशन किया।

पॉवर कंपनीज मे अंतरक्षेत्रीय खेल प्रतियोगिताएं

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज में आयोजित वार्षिक अंतरक्षेत्रीय खेल प्रतियोगिताओं में ट्रांसमिशन, डिस्ट्रीब्यूशन, जनरेशन कंपनी के ओर से खिलाड़ियों ने उत्तम प्रदर्शन करते हुए अपने अपने टीम एवं क्षेत्रों का नाम रोशन किया है। केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वधान में आयोजित अंतरक्षेत्रीय खेल प्रतियोगिताओं की मेजबानी प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों द्वारा किया गया। प्रतिभा, जज्बा एवं खेल भावना के साथ मैदान मे उतरे खिलाड़ियों की मेहनत, जीत एवं ट्राफियों की झलक प्रस्तुत है।

अंतरक्षेत्रीय लॉन टेनिस प्रतियोगिता में कोरबा पश्चिम की टीम विजेता



दुर्ग क्षेत्र द्वारा आयोजित पॉवर कंपनीज अंतरक्षेत्रीय लॉन टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन 15 दिसंबर को किया गया। इस प्रतियोगिता में कोरबा पश्चिम की टीम विजेता, दुर्ग की टीम उपविजेता रही। एकल श्रेणी में विजेता कोरबा पश्चिम के श्री हर्षल विश्वकर्मा एवं श्री सुनील सिंह उपविजेता रहे वहीं युगल श्रेणी में भी कोरबा पश्चिम की जोड़ी श्री हर्षल विश्वकर्मा एवं श्री सुनील सिंह एवं श्री अतुल राय एवं श्री विकल्प तिवारी की जोड़ी उपविजेता रही।

इस अवसर पर श्री एच.के.मेश्राम, श्री के.एस.मनोटिया, श्री एम.एस. चौहान, श्री पी.वी.संजीव, ओलंपियन एवं अर्जुन अवार्ड प्राप्त उपमहाप्रबंधक क्रीड़ा भिलाई स्टील प्लांट श्री राजेन्द्र प्रसाद, श्री एस.मनोज, श्री आर.के. मिश्रा, श्री जे.जगन्नाथ प्रसाद, श्री एस.के.भूआर्य एवं श्रीमती पद्मशा तिवारी तथा डीजीएम एफ एंड ए श्री वाय कोसरिया उपस्थित थे।

श्री अभिजीत भौमिक एवं श्री विवेक गुप्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्रकाशन अधिकारी श्रीमती माया चंद्राकार द्वारा किया गया।

'टेनीकोइट प्रतियोगिता में यशोदा व अमिता बनीं विजेता'

- **अंतरक्षेत्रीय पॉवर कंपनीज खेल स्पर्धा का आयोजन कोटा में**



अंतरक्षेत्रीय पॉवर कंपनीज टेनीकोइट प्रतियोगिता का आयोजन क्रीड़ा एवं कला परिषद रायपुर क्षेत्र ने किया। इसमें कोरबा पूर्व, कोरबा पश्चिम, रायपुर ग्रामीण व रायपुर सेंट्रल क्षेत्र की टीम शामिल हुई। इस प्रतियोगिता में रायपुर सेंट्रल की यशोदा रौतिया व अमिता बारा विजेता रहीं एवं रायपुर क्षेत्र की अलिश मेरी केरकेट्टा व ज्योति कंवर उपविजेता रहीं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रबंध निदेशक श्री कंवर ने अखिल भारतीय महिला टेनीकोइट स्पर्धा हेतु चयनित खिलाड़ियों की घोषणा की। इस अवसर पर मुख्य अभियंता श्री संजीव सिंह, छत्तीसगढ़ टेनीकोइट एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री संजय शर्मा व एसोसिएशन की निर्णायक श्रीमती बी जया लक्ष्मी विशेष रूप से उपस्थित थीं। मंच संचालन प्रबंधक (जनसंपर्क) श्री गोविन्द पटेल एवं आभार प्रदर्शन क्रीड़ा सचिव श्री विनय चंद्राकर ने किया।

अंतरक्षेत्रीय हॉकी प्रतियोगिता में अंबिकापुर को 2–0 से हराकर कोरबा पश्चिम बना सरताज



क्षेत्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद बिलासपुर क्षेत्र के तत्वाधान में 19 से 22 नवंबर तक अंतरक्षेत्रीय हॉकी प्रतियोगिता आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कोरबा पश्चिम विजेता एवं अंबिकापुर टीम उपविजेता रही। प्रतियोगिता के फाइनल मैच में कोरबा पश्चिम ने अंबिकापुर क्षेत्र को 2–0 से हराकर एकतरफा जीत हासिल की। मैच उपरांत 30 खिलाडियों को अखिल भारतीय विद्युत मंडल प्रतियोगिता के लिए चुना गया है।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि बिलासपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक श्री ए. के. अम्बस्थ द्वारा विजेता एवं उपविजेता प्रतिभागियों को शील्ड एवं ट्राफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में श्री सुरेश जांगड़े, श्री अमर चौधरी, श्री पी. आर. साहू, श्री डी. पी. बारवा, सुश्री स्मिता सूर्यवंशी, श्रीमती तृप्ति जांगड़े, श्री मुकेश माथुर, श्री दीपक तिग्गा, श्री ए. जे. सिंह उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्रकाशन अधिकारी श्री मुकेश माथुर एवं आभार प्रदर्शन सुश्री स्मिता सूर्यवंशी द्वारा किया गया।

अंतरक्षेत्रीय वालीबॉल प्रतियोगिता में रायपुर सेन्ट्रल ने खिताब अपने नाम किया

श्यामा प्रसाद ताप विद्युत गृह कोरबा पूर्व मे वालीबॉल प्रतियोगिता 5 से 7 जनवरी तक सम्पन्न हुआ। अन्तरक्षेत्रीय वालीबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच कोरबा पूर्व एवं रायपुर सेन्ट्रल के टीम के बीच मैच खेला गया। रायपुर सेन्ट्रल की टीम ने लगातार तीन सेटों में कोरबा पूर्व की टीम को पराजित कर



विजेता का खिताब हासिल करने में सफल रही।

प्रतियोगिता में बेस्ट नेटर नीरज वर्मा, बेस्ट डिफेन्डर शैलेन्द्र पाल सिंह पैकरा एवं बेस्ट लिफ्टर राजेश शर्मा रहे। सभी क्षेत्रों से मिलाकर कुल 19 खिलाडियों नीरज वर्मा, शैलेन्द्र पाल सिंह पैकरा, गजानंद कुमार नेताम, राजेश शर्मा, शैलेश कुमार देवांगन, अभिषेक नायडू, परदेश कुमार, अनिल कुमार, दिनेश कुमार, प्रशांत कुमार उराव, कृष्णपाल सिंह कंवर, संतोष कुमार पैकरा, इन्द्रमनी पटेल, खेलन सिंह यादव, रमेश कुमार खम्हारी, सतीश कुमार चौधरी, निशांत देवांगन, विनोद कुमार ठाकुर, पवन साहू का ऑल इंडिया हेतु चयनित किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अभियंता (उत्पा.) संजीव कंसल, श्री एल.एन. सूर्यवंशी, राजेश्वरी रावत, सुनील सरना, मालती जोशी, गोवर्धन सिदार एवं सुरेश सिंह कंवर श्री पी.आर. वार्वे, डी.एन.राय उपस्थित थे।

अंतरक्षेत्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता में कोरबा पश्चिम को 2 - 1 से हराकर जगदलपुर क्षेत्र बना चैम्पियन



क्षेत्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद राजनांदगांव क्षेत्र के तत्वाधान में 7 से 9 फरवरी अंतरक्षेत्रीय फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक श्री शिरीष सेलट द्वारा विजयी टीम जगदलपुर एवं उपविजेता टीम कोरबा पश्चिम को पुरस्कृत किये। मैच उपरांत 34 खिलाड़ियों को अखिल भारतीय विद्युत मंडल प्रतियोगिता के लिए चुना गया है।

कार्यक्रम में मुख्य अभियंता श्री मंगल तिर्की, श्री एस. कंवर, श्री के.सी. खोटे, श्री एन.के. साहू, श्री एम. के. साहू, श्री ए.डी. टंडन, श्री बीरबल उइके, श्री कौशलेन्द्र पाण्डे, श्री एस.पी जैकब, श्री रविकांत शर्मा, श्रीमती कांती नेताम, पीआरओ श्री डी.एस मंडावी, श्री डी दिलेश्वर राव, श्री अनिल मिंज, श्री प्रकाश सोनटापर, श्री हिरदेर राम कंवर, श्री वीरेन्द्र देवांगन सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

अन्तरक्षेत्रीय कैरम में जगदलपुर टीम एवं शतरंज प्रतियोगिता में बिलासपुर चैंपियन

- **कैरम में विनोद राठौर विजेता, शतरंज में वी के खांडेकर ने बाजी मारी**



अंतरक्षेत्रीय कैरम और शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन 12 से 14 नवम्बर तक क्षेत्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद अंबिकापुर क्षेत्र की मेजबानी में किया गया। श्री यशवंत शिलेदार, श्री आवेदन कुजूर, श्री के एन सिंह और श्री एस पी कुमार के नेतृत्व में प्रतियोगिता संचालित हुई। कैरम टीम चैंपियनशिप के विजेता - जगदलपुर क्षेत्र, उपविजेता बिलासपुर क्षेत्र रही। कैरम में पुरुष (एकल) के विजेता श्री विनोद राठौर (कोरबा पश्चिम) एवं उपविजेता श्री कमलेश ठाकुर (जगदलपुर) रहे। कैरम में महिला (एकल) के विजेता श्रीमती कंचन महेश ठाकुर (रायपुर सेंट्रल) एवं उपविजेता श्रीमती शकुंतला करक (दुर्ग), कैरम महिला (युगल) में विजेता श्रीमती कंचन ठाकुर एवं नमिता जैन (रायपुर सेंट्रल) एवं उपविजेता श्रीमती शकुंतला करक और अनिता रोही (दुर्ग) रही। शतरंज (टीम चैंपियनशिप) विजेता बिलासपुर क्षेत्र एवं उपविजेता दुर्ग क्षेत्र रही।

पुरुष वर्ग में श्री वी के खांडेकर (बिलासपुर) एवं उपविजेता श्री डी पी तिवारी (बिलासपुर)

महिला वर्ग में टीम विजेता रायपुर सेंट्रल एवं उपविजेता बिलासपुर क्षेत्र रही व्यक्तिगत विजेता नूतन ठाकुर कोरबा पश्चिम एवं उपविजेता जुएना गोम्स रायपुर सेंट्रल। **आल इंडिया पॉवर कम्पनीज़ चैम्पियनशिप हेतु चयनित खिलाड़ी**

कैरम (पुरुष वर्ग) में श्री विनोद राठौर कोरबा पूर्व, श्री कमलेश ठाकुर जगदलपुर, श्री एम मार्लिन जगदलपुर, श्री सुजीत कुमार मोदी रायगढ़, श्री सुशांत कटकवार रायपुर सेंट्रल, श्री पी नागेश्वर राव जगदलपुर, श्री मो सलीम खान जगदलपुर, श्री चिरंजीवी शोरी, जगदलपुर

कैरम महिला वर्ग में श्रीमती कंचन ठाकुर रायपुर सेंट्रल, श्रीमती शकुंतला करक दुर्ग क्षेत्र, सुश्रीनमिता जैन रायपुर सेंट्रल, श्रीमती रीना पुरी गोस्वामी रायपुर रीजन, श्रीमती अनिता रोही दुर्ग क्षेत्र, श्रीमती सुनीता देवांगन रायपुर रीजन।

शतरंज पुरुष वर्ग में श्री वी के खांडेकर बिलासपुर, श्री डी पी तिवारी बिलासपुर, श्री सतेंद्र कुमार कोरबा वेस्ट, श्री कुलदीप राठौर बिलासपुर, श्री सुरेश वर्मा दुर्ग, श्री मनोज ठाकुर मड़वा, श्री मनीष ठाकुर दुर्ग।



शतरंज महिला वर्ग में नूतन ठाकुर कोरबा पश्चिम, जुएना गोम्स रायपुर सेंट्रल, श्रीमती मीना कुर्रे रायपुर, पूजा रानी मड़वा, स्वाति मराबी बिलासपुर

अंतरक्षेत्रीय क्रिकेट स्पर्धा में रायपुर क्षेत्र विजेता एवं मड़वा क्षेत्र उप विजेता रही



छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनीज की अंतरक्षेत्रीय क्रिकेट स्पर्धा जगदलपुर में 9 से 15 जनवरी तक सम्पन्न हुआ।

प्रतियोगिता का फाइनल मैच रायपुर क्षेत्र एवं मड़वा क्षेत्र के मध्य खेला गया जिसमें रायपुर क्षेत्र की टीम विजेता रही, जबकि उप विजेता मड़वा क्षेत्र की टीम रहीं। मैच में मैन ऑफ द सीरीज एवं मैन ऑफ द मैच गुलशन रंगारी रहे। स्पर्धा के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज श्री गौरव डोंगरे, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज श्री लवनीत सिंहा को घोषित किया गया।

समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह जगदलपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक श्री टीके मेश्राम के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। समारोह में अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री ए के गुप्ता, अधीक्षण अभियंता श्री एनके पोयाम, श्री केव्ही मैथ्यू, श्री प्रदीप कंवर, श्री तरुण दिवाकर, कार्यपालन अभियंता श्री सलीम खान, श्री सुदीप कुमार खेस्स, श्री प्रदीप कुमार अग्रवानी, श्री नंद कुमार मांझी, श्री के जार्ज मैथ्यू, श्री अमर भगत, श्री हेमंत कुमार टोप्पो, श्री विष्णु मरकाम, सहायक अभियंता, श्री रमेश टण्डन, श्री नंदलाल काशी, श्री फणेश्वर यादव, चिकित्सा अधिकारी डॉ रमेश श्रवण, अनुभाग अधिकारी श्री के के जार्ज, श्री आर पी ध्रुव, श्री सत्यजीत चौधरी उपस्थित थे। आभार प्रदर्शन श्री गणेश्वर राम ध्रुव, सहायक विधि अधिकारी द्वारा किया गया।

अंतरक्षेत्रीय टेबल टेनिस में रायपुर सेंट्रल की टीम बनी विजेता, कोरबा पश्चिम को रनर का खिताब

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज की अंतरक्षेत्रीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता 31 जनवरी से 02 फरवरी के बीच एचटीपीएस कोरबा पश्चिम में आयोजित किया गया। रायपुर सेंट्रल की टीम ने एचटीपीएस कोरबा पश्चिम की टीम पर 3-1 से जीत दर्ज कर ली। विजयी टीम रायपुर सेंट्रल समेत विजेता खिलाड़ियों को मुख्य अभियंता श्री एचके. सिंह के हाथों विनर ट्रॉफी सौंपी गई।

मेन्स सिंगल में दुर्ग रीजन के श्री रजनीश ओबेराय ने जीत दर्ज की जबकि एचटीपीएस कोरबा पश्चिम के खिलाड़ी श्री टीपी. सिंह को रनर का खिताब मिला। मेन्स डबल में रायपुर के खिलाड़ी श्री प्रशांत बापट एवं श्री अनुराग शर्मा ने जीत दर्ज की। जबकि एचटीपीएस कोरबा पश्चिम के खिलाड़ी श्री टीपी. सिंह एवं बिलासपुर रीजन के श्री समीर तिवारी को रनर का खिताब मिला है। विमेन्स सिंगल में रायपुर की सुश्री दिव्या आमडे विजयी रहीं जबकि दुर्ग की सुश्री शोभना सिंह को रनर का खिताब मिला।



राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए 14 खिलाड़ियों का चयन-

अखिल भारतीय पॉवर कंपनी प्रतियोगिता के लिए टेबल टेनिस के 14 खिलाड़ियों का चयन किया गया। पुरुष टीम में श्री रजनीश ओबेराय, श्री टीपी सिंह, श्री अनुराग शर्मा, श्री अनिल अग्रवाल, श्री प्रशांत बापट, श्री समीर तिवारी, श्री सागर पिंपलापुरे और श्री विवेक पटेल शामिल हैं। महिला टीम में सुश्री दिव्या आमडे, श्रीमती शोभना सिंह, श्रीमती उपासी धाकड़, श्रीमती मोनिका दीवान, श्रीमती श्रद्धा वर्मा और श्रीमती निरंजना ग्वेल शामिल हैं।

'पॉवर कंपनी के सुगम संगीत प्रतियोगिता में दीपाली और सीता ने बाजी मारी'

- **स्वर लहरियों के साथ बही काव्य की धारा**

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के क्रीड़ा एवं कला परिषद द्वारा क्षेत्रीय सुगम संगीत प्रतियोगिता का आयोजन 26 नवंबर को डंगनिया स्थित मुख्यालय में किया गया। इस अवसर पर प्रबंध निदेशक डिस्ट्रीब्यूशन श्री भीम सिंह कंवर मुख्य अतिथि थे एवं समापन समारोह में कार्यपालक निदेशक सर्वश्री केएस मनोठिया, एमएस चौहान, मुख्य अभियंता श्री संजीव सिंह, अधीक्षण अभियंता श्री महेश ठाकुर उपस्थित थे। इसमें अनुभाग अधिकारी श्री शंकर नारायण नायडू एवं श्री अमरजीत राम अंबिकापुर को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

प्रतियोगिता में गीत गायन स्पर्धा में पुरुष वर्ग से श्रीधर अय्यर रायपुर सेंट्रल प्रथम एवं दुर्ग के श्री श्रवण कुमार द्वितीय रहे। महिला वर्ग से प्रथम मड़वा की सीता कंवर एवं द्वितीय दीपाली गुप्ता रहीं। फिल्मी गीत गायन स्पर्धा में पुरुष वर्ग से श्री जगमोहन राव रायपुर प्रथम एवं श्री सत्यनारायण श्रीवास बिलासपुर द्वितीय स्थान पर रहे। महिला वर्ग से दीपाली गुप्ता प्रथम व सीता कंवर द्वितीय रहीं।

काव्य पाठ स्पर्धा में पुरुष वर्ग से प्रथम अजय कुमार साहू मड़वा एवं द्वितीय आलोक शर्मा कोरबा पूर्व रहे। महिला वर्ग से राजनांदगांव की पूजा ग्वालवंशी प्रथम एवं हेमलता तिवारी पाठक रायपुर द्वितीय रहीं। वादन स्पर्धा में पुरुष वर्ग से श्री राहुल बरेठ बिलासपुर प्रथम एवं रायपुर क्षेत्र के श्री तीजूराम नेताम द्वितीय रहे। महिला वर्ग से मड़वा की दीपाली गुप्ता प्रथम व सीता कंवर द्वितीय रहीं।

कराओके में गीत गायन की स्पर्धा हुई, जिसमें महिला वर्ग से उर्मिला प्रसाद रायपुर प्रथम व प्राची वर्मा रायपुर सेंट्रल द्वितीय रहीं। पुरुष वर्ग से श्री दिलीप पाठक प्रथम व श्री आलोक शर्मा कोरबा द्वितीय रहे। युगल में निवेदिता राघवन व जगनमोहन रायपुर की जोड़ी प्रथम व दीपाली गुप्ता व सतीश यदु मड़वा द्वितीय स्थान पर रहे। आयोजन में विशेष योगदान के लिए अनुभाग अधिकारी श्री कमल कुमार मुखर्जी एवं श्री एमएल पॉल तथा निर्णायक श्री अवतार सिंह धंजल को भी सम्मानित किया गया। मंच संचालन प्रबंधक (जनसंपर्क) श्री गोविन्द पटेल एवं आभार प्रदर्शन सचिव क्रीड़ा श्री विनय चंद्राकर ने किया।



प्रदेश भर में छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव

ऊर्जा के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ की प्रगति बेमिसाल

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना रजत जयंती वर्ष के अंतर्गत छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज में 30 जनवरी से 6 फरवरी तक सात दिवसीय प्रदेशव्यापी रजत महोत्सव आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व एवं पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के अध्यक्ष श्री सुबोध कुमार सिंह एवं डिस्ट्रीब्यूशन एवं जनरेशन कंपनी के अध्यक्ष डॉ. रोहित यादव के मार्गदर्शन में प्रदेश भर में रजत जयंती महोत्सव मनाया गया। इस दौरान पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के आठ क्षेत्रीय कार्यालयों के अंतर्गत 535 वितरण केंद्रों, 68 संभागीय कार्यालयों और क्षेत्रीय कार्यालय स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। महोत्सव में प्रदेश भर में कुल 660 स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के अतिरिक्त महाप्रबंधक (जनसंपर्क) श्री उमेश कुमार मिश्र ने बताया कि प्रदेश के 8 क्षेत्रीय मुख्यालयों को इस आयोजन की जिम्मेदारी प्रदान की गई है, जिसमें वे अपने वृत्त एवं उपसंभागीय कार्यालयों तथा वितरण केंद्रों में विविध आयोजन किये। इसमें विभागीय योजनाओं की प्रदर्शनी के साथ लोगों को जागरूक भी किया गया। 612 स्थानों पर प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का प्रचार रथ से किया गया। वहां उपभोक्ताओं को इस योजना का लाभ लेने पंजीयन के लिए प्रेरित किया गया। इसके अलावा 48 स्कूल कॉलेजों में निबंध, भाषण, चित्रकला, क्विज, नाट व नारा लेखन जैसे आयोजन किये गये। प्रतियोगिता का उद्देश्य रचनात्मक माध्यम से नागरिकों को ऊर्जा बचत, नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के उपयोग तथा विद्युत सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों के प्रति जागरूक करना था।

25 वर्षों में विद्युत उपभोक्ता 19 लाख से 65 लाख हुए



रायपुर में रजत महोत्सव का आयोजन गुढ़ियारी स्थित विद्युत मैदान में 4 फरवरी को किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि रायपुर उत्तर विधायक श्री पुरंदर मिश्रा, कार्यक्रम के अध्यक्ष रायपुर ग्रामीण विधायक श्री मोतीलाल साहू, विधायक धरसींवा श्री अनुज शर्मा, बिरगांव महापौर श्री नंदलाल देवांगन, पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री भीम सिंह कंवर, पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री राजेश कुमार शुक्ला, निदेशक (सीआरए) श्री आर ए पाठक, श्री संजीव सिंह उपस्थित थे।

इस अवसर पर प्रबंध निदेशक श्री भीम सिंह ने बताया की प्रदेश में विद्युत उपभोक्ता 25 वर्षों में 19 लाख से 65 लाख हो गए है तथा विभिन्न योजनाओं के 33 सजग उपभोक्ताओं को सम्मानित भी किया गया। इसमें विद्युत बिल का बिना बकाया नियमित भुगतान करने वाले उपभोक्ता, सीमा के अंदर विद्युत खपत करने वाले एकल बत्ती उपभोक्ता, पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के लाभार्थी, कृषक जीवन ज्योति योजना के लाभार्थी, पीएम जन-मन योजना के लाभार्थी और गैर घरेलू श्रेणी के उपभोक्ता शामिल हैं। समारोह के दौरान लघु फिल्म के माध्यम से छत्तीसगढ़ में विद्युत विकास की यात्रा को दर्शाया गया। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक के एस मनोठिया, मुख्य अभियंता श्री एम जामुलकर, श्री एम आर बागड़े, श्री एफ ए खान, श्रीमती चंद्रकला गिडवानी समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं बड़ी संख्या में विद्युत उपभोक्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

दुर्ग क्षेत्र – समय पर बिल भुगतान करने वाले घरेलू, कृषि एवं बीपीएल उपभोक्ता सम्मानित

रजत महोत्सव के अंतर्गत दुर्ग क्षेत्र में 7 जनवरी को समारोह का आयोजन



किया गया। जिसमें प्रदेश के स्कूल शिक्षा, ग्रामोद्योग, विधि एवं विधायी कार्य मंत्री श्री गजेन्द्र यादव ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि राज्य गठन के बाद इन 25 वर्षों में यदि छत्तीसगढ़ ने किसी क्षेत्र में सर्वाधिक प्रगति की है, तो वह ऊर्जा का क्षेत्र है।

कार्यक्रम स्थल पर विभाग द्वारा विशेष स्टॉल लगाए गए थे, जहां पीएम सूर्यघर योजना के लिए ऑन-स्पॉट रजिस्ट्रेशन की सुविधा और तकनीकी मार्गदर्शन के लिए विशेषज्ञ डेस्क उपलब्ध रहे।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्ग श्रीमती सरस्वती बंजारे, विधायक अहिवारा श्री डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, प्राचार्य डॉ अजय कुमार सिंह एवं अन्य जनप्रतिनिधियों सहित दुर्ग क्षेत्र के अधिकारी एवं कर्मचारी, विद्युत उपभोक्ता उपस्थित थे। आभार प्रदर्शन अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री एच के मेश्राम द्वारा किया गया।

जगदलपुर क्षेत्र – सजग उपभोक्ता हुए सम्मानित

जगदलपुर क्षेत्र में 30 जनवरी से 6 जनवरी तक 10 संभागीय कार्यालय जगदलपुर, बस्तर, दन्तेवाड़ा, सुकमा, बीजापुर, कांकेर, कोण्डागांव एवं नारायणपुर पखांजूर, भानुप्रतापपुर एवं 87 वितरण केन्द्र, 04 विद्यालय सुकमा, शासकीय हायर सेकण्ड्री बीजापुर, पीएस हायर सेकण्ड्री स्कूल भानुप्रतापपुर, एस जे हायर सेकण्ड्री कोण्डागांव तथा एवं 2 महाविद्यालय- दन्तेश्वरी महिला महाविद्यालय जगदलपुर एवं शासकीय आईके गर्ल्स कॉलेज कांकेर में आयोजित किया गया।

5 जनवरी जगदलपुर में क्षेत्रीय स्तर का कार्यक्रम रखा गया जिसमें मुख्य



अतिथि श्री दिनेश कश्यप, पूर्व सांसद श्री टी के मेश्राम कार्यपालक निदेशक, जगदलपुर, विशिष्ट अतिथि श्री रातोष बघेल, जनपद अध्यक्ष बस्तर श्री नील कुमार बघेल, अध्यक्ष भारतीय किसान संघ श्री भूपेन्द्र कुमार वाकुर जनपद पंचायत सदस्य, श्री छविलेश्वर जोशी, किसान मोर्चा प्रभारी, श्रीमती जयंती नेताम, महिला प्रमुख भारतीय किसान संघ बस्तर श्री मनोज कुमार पटेल, श्री राजेश शर्मा, महामंत्री भाजपा मण्डल, श्री हेमंत पोयाम, सरपंच पण्डरीपानी के आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में उपभोक्ताओं को प्रमाण-पत्र वितरण किया गया जिसमें डीएलएफ पीएम सूर्यघर योजना के तहत लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र दिया गया।

अम्बिकापुर क्षेत्र – जनप्रतिनिधियों ने उपभोक्ता एवं प्रतिभागियों का किया सम्मान



रजत महोत्सव के अंतर्गत अम्बिकापुर क्षेत्र में मुख्य अतिथि के तौर पर अम्बिकापुर की मेयर श्रीमती मंजूषा भगत और विशिष्ट अतिथि के रूप में निगम सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी मंचस्थ थे। कार्यक्रम के अध्यक्ष मुख्य अभियंता श्री यशवंत शिलेदार, विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री आवेदन कुजूर, अधीक्षण अभियंता श्री के एन सिंह एवं श्री एस प्रजापति उपस्थित थे।

महोत्सव में विभिन्न श्रेणी के 25 विद्युत उत्कृष्ट उपभोक्ताओं एवं महोत्सव के दौरान 'पेंटिंग प्रतियोगिता में 25 से अधिक प्रतिभागी सम्मिलित' हुए।

कार्यक्रम संचालन हेतु सर्वश्री संजय मिश्रा, कामेंद्र सिंह, श्रीमती मैरी लिली तिर्की, जे पी राजवाड़े, रोशन नागवंशी आदि का उत्कृष्ट योगदान रहा। नोडल अधिकारी आवेदन कुजूर ने मंचस्थ अतिथियों, उपभोक्ताओं और आमजनों का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में जे पी पटेल, अनिल बैरागी, विनोद शुक्ला, राघवेंद्र मिश्रा आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा। मंच का संचालन श्री यतींद्र गुप्ता ने किया।

बिलासपुर क्षेत्र – विशेष पिछड़ी जनजातीय परिवारों के घर तक पहुंची बिजली

छत्तीसगढ़ राज्य गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने के गौरवशाली अवसर पर बिलासपुर क्षेत्र द्वारा शहर के सिम्स ऑडिटोरियम में रजत जयंती समारोह का आयोजन 5 फरवरी को किया गया।

मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव तथा विशिष्ट अतिथि श्री धरम लाल कौशिक, विधायक बिल्हा, श्री सुशांत शुक्ला विधायक बेलतरा, श्री दिलीप लहरिया विधायक मस्तूरी, श्री कृष्णमूर्ति बांधी पूर्व विधायक मस्तूरी व अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ।



पीएम जनमन योजना के तहत विशेष पिछड़ी जनजातीय परिवारों के घरों तक बिजली पहुंचाने का कार्य पूर्ण किया गया। जिनमें से पांच उपभोक्ताओं श्री प्रमोद बैगा लोरमी, श्रीमती बिसाहिन बैगा करगीरोड, श्रीमती लमिया बाई बैगा करगीरोड, श्री फुलसिंह बैगा लोरमी एवं श्रीमती आशाराम बैगा करगीरोड को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर श्री डी.के. भोजक, श्रीमती कल्पना घाटे, श्री एस.के.दुबे, श्री सुरेश जांगड़े, श्री पी. आर. साहू, श्री आर.के.झा, श्री अनुपम सरकार, श्री बी.बी.नेताम एवं अधिकारी, कर्मचारियों उपस्थित थे।

राजनांदगांव क्षेत्र – 8 हजार उपभोक्ताओं ने पीएम सूर्यघर में कराया पंजीयन

रजत जयंती वर्ष 2025-26 के अवसर पर राजनांदगांव क्षेत्र के टाउन



हॉल में 6 फरवरी को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर निगम महापौर श्री मधुसूदन यादव, नगर निगम अध्यक्ष श्री पारस वर्मा, पार्षदगण श्री सावन वर्मा, श्री मनोहर साहू, श्री सुनील साहू, श्री शैंकी बग्गा, श्री राजेश जैन, श्री डीलेश्वर साहू, श्री कुलेश्वर ध्रुव, श्री चन्द्रशेखर लश्करे, श्री रवि सिन्हा, श्री सतीश साहू, श्री संजय रजक, श्री छोटे लाल रामटेके, श्रीमती वर्षा सिन्हा, श्रीमती रेखा पारख, श्रीमती श्रुति जैन एवं श्रीमती बीना ध्रुव, राजनांदगांव वृत्त के अधीक्षण अभियंता श्री शंकेश्वर कंवर, कार्यपालन अभियंता श्री कौशलेन्द्र पाण्डे, श्री ए.डी. टंडन, श्रीमती सीमा ढील, प्रकाशन अधिकारी श्री डी.एस. मंडावी सहित अधिकारी व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

कार्यक्रम में पी.एम. सूर्य घर योजना के लाभार्थी, बी.पी.एल. कनेक्शनधारी उपभोक्ता, महिला उपभोक्ता, घरेलू एवं एकल बत्ती कनेक्शन के 5-5 लाभार्थियों को प्रमाण पत्र और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

रायगढ़ क्षेत्र – नियमित बिलों का भुगतान एवं सोलर प्लांट लगाने वाले उपभोक्तागण हुए सम्मानित

रायगढ़ क्षेत्र में रजत जयंती महोत्सव 2026 के अवसर पर 5 फरवरी को क्षेत्रीय स्तर पर भव्य आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि श्रीमती शिखा रविन्द्र गबेल अध्यक्ष जिला पंचायत रायगढ़ एवं कार्यक्रम अध्यक्ष श्री डिग्री लाल साहू, सभापति, नगर निगम, रायगढ़ तथा श्रीमती सुषमा खलखो एवं श्री गोपाल अग्रवाल द्वय सदस्य, जिला पंचायत रायगढ़, उपस्थित रहे। इसके साथ ही श्री मनीष तनेजा, मुख्य अभियंता, रायगढ़ क्षेत्र, श्री गुंजन शर्मा अधीक्षण यंत्री, श्री हरिशंकर शुक्ला अधीक्षण यंत्री, कार्यपालन अभियंता श्री आर पी नायक, श्री नरेन्द्र नायक, श्री आर.के. राव. श्री फतेहराम एवं सहायक अभियंता, कनिष्ठ अभियंता उपस्थित थे। इस अवसर पर उपभोक्ताओं को सम्मातिन किया गया।





श्री संदीप वर्मा - छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज में नवम्बर माह में कार्यपालक निदेशक (रायपुर ग्रामीण क्षेत्र) श्री संदीप वर्मा को सेवानिवृत्ति उपरांत विदाई दी गई। इस अवसर पर जनरेशन कंपनी प्रबंध निदेशक श्री एसके कटियार, ट्रांसमिशन कंपनी प्रबंध निदेशक श्री राजेश कुमार शुक्ला एवं डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी प्रबंध निदेशक श्री भीमसिंह कंवर ने उन्हें प्रतीक चिन्ह देकर दीर्घ सेवा के लिए सम्मानित किया।

श्री गजपाल एवं अग्रवाल सहित सात अधिकारी-कर्मचारियों को भावभीनी विदाई - छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज में कार्यपालन निदेशक एवं मुख्य अभियंता सहित कुल सात अधिकारी-कर्मचारियों को 27 फरवरी को गरिमामय वातावरण में भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री राजेश कुमार शुक्ला तथा डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री भीम सिंह कंवर विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रबंध निदेशकगणों ने सेवानिवृत्त कार्यपालन निदेशक श्री एस.के. गजपाल एवं मुख्य अभियंता श्री विनोद कुमार अग्रवाल को प्रतीकात्मक भेंट एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।





श्री यशोभद्र जैन - छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज मुख्यालय में अक्टूबर माह में आयोजित सेवानिवृत्ति कार्यक्रम में महाप्रबंधक (वित्त) श्री यशोभद्र जैन को विदाई दी गई। इस अवसर पर पॉवर कंपनी के तीनों एम.डी. सर्वश्री एस.के. कटियार, राजेश शुक्ला, भीमसिंह कंवर, डायरेक्टर श्री आर.ए. पाठक ने श्री जैन को उज्जवल भविष्य एवं स्वस्थ जीवन की शुभकामनाएं दी।

श्री अनिल कुमार विश्वकर्मा-हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम से सितंबर माह में कनिष्ठ पर्यवेक्षक श्री अनिल कुमार विश्वकर्मा सेवानिवृत्त हुए। मुख्य अभियंता श्री प्रवीण कुमार श्रीवास्तव के हाथों स्मृति चिह्न एवं सेवा प्रमाण पत्र भेंट किया। समारोह में अति. मुख्य अभियंता श्री एमके गुप्ता, श्री पीके स्वेन एवं श्री केएनबी. राव उपस्थित थे।





श्री ईश्वर प्रसाद वर्मा, श्री देवेंद्र कुमार बिसेन, श्री ब्रिजेश कुमार अगस्टिन मोहन्ती, श्री प्रीतम लाल बनपेला, श्री मधुसूदन वैष्णव एवं श्री भक्त प्रहलाद देवांगन - छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी से अगस्त माह में छह सेवानिवृत्त कर्मियों को विदाई दी गई। डंगनिया मुख्यालय में आयोजित सेवानिवृत्ति समारोह में सहायक प्रबंधक श्री ईश्वर प्रसाद वर्मा रायपुर, निज सचिव श्री देवेंद्र कुमार बिसेन रायपुर, वरिष्ठ पर्यवेक्षक (परीक्षण) श्री ब्रिजेश कुमार अगस्टिन मोहन्ती भिलाई, श्री प्रीतम लाल बनपेला भिलाई, लाइन सहायक श्रेणी-एक श्री मधुसूदन वैष्णव बिलासपुर एवं वाहन चालक श्री भक्त प्रहलाद देवांगन रायपुर को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।



श्री अनिय मैथ्यू, श्री श्रीरंग अर्काटकर, श्री पुष्पकांत लाल, श्री जयनारायण देवांगन, श्री लखाराम उके, श्री उत्तम कुमार पाल एवं श्री दिलीप कुमार - सेवा भवन में अक्टूबर माह में आयोजित विदाई समारोह में ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री राजेश कुमार शुक्ला ने सेवानिवृत्तजनों को दीर्घ सेवा के लिए सम्मानित किया। सेवानिवृत्ति समारोह में सहायक अभियंता श्री अनिय मैथ्यू खेदामारा भिलाई, अनुभाग अधिकारी श्री श्रीरंग अर्काटकर राजनांदगांव, वरिष्ठ पर्यवेक्षक (परीक्षण) श्री पुष्पकांत लाल बिलासपुर व श्री जयनारायण देवांगन खेदामारा भिलाई, सिविल सहायक श्रेणी-दो श्री लखाराम उइके रायपुर, वाहन चालक श्री उत्तम कुमार पाल एवं सफाईकर्मी श्री दिलीप कुमार भिलाई को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।



श्री डॉ सुभेलाल कोरटिया एवं श्री ललित कुमार वर्मा - सीएसपीटीसीएल के सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह में भिलाई में पदस्थ अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी श्री डॉ सुभेलाल कोरटिया एवं वरिष्ठ पर्यवेक्षक (परीक्षण) श्री ललित कुमार वर्मा को एलडी बिल्डिंग सभागार में विदाई दी गई। कार्यक्रम में कार्यपालक निदेशक श्री संजय पटेल, श्री के.एस. मनोठिया, श्री वी.के. दीक्षित, श्री एम.एस. चौहान, मुख्य अभियंता श्री के.बी. पात्रे, श्री संजय तिवारी, श्रीमती शारदा सोनवानी, श्री ए.एम. परियल सहित बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्रबंधक (जनसंपर्क) श्री गोविंद सिंह पटेल द्वारा किया गया।



श्री विनोद कुमार अग्रवाल, श्री महेश बड़गुजर, श्री चमनलाल चंद्राकर, श्री नंदकुमार देवांगन, श्री गौतमलाल धर, श्री मनहरण लाल केंवट - ट्रांसमिशन कंपनी के कार्यक्रम में रायपुर से मुख्य अभियंता श्री विनोद कुमार अग्रवाल, लेखा अधिकारी श्री महेश बड़गुजर, सहायक मानचित्रकार श्री चमनलाल चंद्राकर, कनिष्ठ पर्यवेक्षक (परीक्षण) श्री नंदकुमार देवांगन, बिलासपुर से कार्यपालन अभियंता श्री गौतमलाल धर एवं दफ्तरी श्री मनहरण लाल केंवट को सम्मानित कर भावभीनी विदाई दी गई।कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ प्रकाशन अधिकारी श्री गोविंद पटेल ने किया।

श्री हेमंत कुमार रहंगडाले, श्री अतुल तिवारी, श्री सलीम बेग, श्री जवाहर लाल साहू - नवम्बर माह में ट्रांसमिशन कंपनी के पांच कर्मियों को सेवानिवृत्ति के उपरान्त प्रबंध निदेशक श्री राजेश कुमार शुक्ला ने प्रशस्ति पत्र देकर विदाई दी। इसमें अधीक्षण अभियंता (सिविल) श्री हेमंत कुमार रहंगडाले, प्रबंधक (औद्योगिक संबंध) श्री अतुल तिवारी, सहायक अभियंता (सिविल) श्री सलीम बेग बिलासपुर, लाइन सहायक (श्रेणी-02) कुरूद एवं वाहन चालक श्री जवाहर लाल साहू भिलाई को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया।





श्री अरुण कुमार चक्रवर्ती, श्री नरेंद्र कुमार बिसेन, श्री के. श्रीनिवास, श्री भीष्म प्रसाद तिवारी, श्री राम दयाल साहू, श्री ए. गोविंद राजू, श्री जी.ई. हैरिस - छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी डंगनिया मुख्यालय के सभाकक्ष में दिसम्बर माह में अधीक्षण अभियंता सहित 7 अधिकारी-कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति पश्चात् विदाई दी गई। इस अवसर पर पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के कार्यपालक निदेशक (वित्त) श्री एम.एस. चौहान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। श्री अरुण कुमार चक्रवर्ती खेदामारा भिलाई, अधीक्षण अभियंता श्री नरेंद्र कुमार बिसेन रायपुर, निज सचिव श्री के. श्रीनिवास बिलासपुर, अनुभाग अधिकारी श्री भीष्म प्रसाद तिवारी रायपुर, लाइन सहायक श्रेणी- एक श्री राम दयाल साहू भिलाई, लाइन सहायक श्रेणी- एक श्री ए. गोविंद राजू बिलासपुर, कनिष्ठ पर्यवेक्षक (परीक्षण) श्री जी.ई. हैरिस कोरबा शामिल हैं। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन कार्यपालन अभियंता (पी.एंड एस.) श्री पंकज चौधरी तथा संचालन प्रबंधक (जनसंपर्क) श्री गोविंद पटेल ने किया।

डॉ. कांति भूषण बंसोड़, श्री चैतराम ठाकुर, श्री जीवन लाल पटेल - छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी में आयोजित जनवरी माह में डॉ. कांति भूषण बंसोड़े सहित वरिष्ठ पर्यवेक्षक परीक्षण श्री चैतराम ठाकुर एवं लाइन सहायक श्रेणी-दो श्री जीवन लाल पटेल सेवानिवृत्त हुए। प्रबंध निदेशक श्री राजेश कुमार शुक्ला द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह से सम्मानित कर भावभीनी विदाई दी गई।





श्री राकेश श्रीवास्तव - डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह, कोरबा पूर्व के मुख्य चिकित्सालय में पदस्थ ड्रेसर श्री राकेश श्रीवास्तव माह सितम्बर-2025 में सेवानिवृत्ति हुए। कार्यक्रम में मुख्य अभियंता श्री संजीव कंसल, अति. मुख्य अभियंता राजेश्वरी रावत, अति. मुख्य चिकित्साधिकारी श्री सुनील सरना, डॉ सी.पी. जायसवाल, चिकित्सकीय सलाहकार डॉ. एस. सी. खरे उपस्थित थे। इस अवसर पर कार्यक्रम सेवानिवृत्ति कर्मी को पुष्पगुच्छ, प्रशस्ति पत्र एवं कलाई घड़ी, से सम्मानित कर विदाई दी गई।

श्री शशिकुमार यादव एवं श्रीमती ममता साहू - अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह (एबीवीटीपीएस) मड़वा से सितंबर माह में अनुभाग अधिकारी श्री शशिकुमार यादव एवं सह परिचारिका श्रीमती ममता साहू सेवानिवृत्त हुए। उन्हें मुख्य अभियंता श्री एचएन कोसरिया के हाथों स्मृति चिह्न एवं सेवा प्रमाण पत्र भेंट किया गया। समारोह में अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री आरके साव, श्री एके शाह, श्री आरएल ध्रुव एवं श्री एन. लकरा उपस्थित थे।





श्री जितेन्द्र सिंह एवं श्री महेश चंद्र सोनी - डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह, कोरबा पूर्व से मुख्य रसायनज्ञ (संचा एवं संधा) श्री जितेन्द्र सिंह, एवं अधीक्षण अभियंता (बॉयलर) श्री महेश चंद्र सोनी माह नवम्बर-2025 में सेवानिवृत्ति हुये। कार्यक्रम मुख्य अभियंता श्री संजीव कंसल, अति. मुख्य अभियंता श्री राजा बाबू कोसरे, राजेश्वरी रावत, श्री एल.एन. सूर्यवंशी, श्री समीर देशपांडे एवं चिकित्सकीय सलाहकार डॉ. एस. सी. खरे के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ।

श्री पीके. स्वेन एवं श्री धर्मेश कुमार वैष्णव - हसदेव ताप विद्युत गृह (एचटीपीएस) कोरबा पश्चिम से नवंबर माह में अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री पीके. स्वेन एवं कनिष्ठ पर्यवेक्षक श्री धर्मेश कुमार वैष्णव सेवानिवृत्त हुए। इस अवसर पर मुख्य अभियंता श्री एचके. सिंह के हाथों सेवानिवृत्त पीके स्वेन एवं धर्मेश कुमार वैष्णव को स्मृतिचिन्ह व सेवा प्रमाण-पत्र भेंट किया गया।





श्री प्रवीण कुमार श्रीवास्तव, श्री शिवकुमार जायसवाल, श्री नीलकंठ साहू, श्री राम विलास साहू एवं श्री प्रमोद कुमार कैवर्त्य - हसदेव ताप विद्युत गृह (एचटीपीएस) कोरबा पश्चिम से अक्टूबर माह में मुख्य अभियंता श्री प्रवीण कुमार श्रीवास्तव, अनुभाग अधिकारी श्री शिवकुमार जायसवाल, वरिष्ठ पर्यवेक्षक श्री नीलकंठ साहू, श्री राम विलास साहू और कनिष्ठ पर्यवेक्षक श्री प्रमोद कुमार कैवर्त्य सेवानिवृत्त हुए। इस अवसर पर कार्यक्रम के अध्यक्ष मुख्य अभियंता (मानव संसाधन) श्री एचके. सिंह ने उनके कार्यों की सराहना करते हुए पॉवर कंपनी की ओर से आभार जताया।



श्री सिलवेस्टर लकरा, एवं श्री सुरेश कुमार दहायत - डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह, कोरबा पूर्व से वरिष्ठ पर्यवेक्षक श्री सिलवेस्टर लकरा, एवं संयंत्र सहायक श्रेणी-एक श्री सुरेश कुमार दहायत माह जनवरी में अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्ति हुए। कार्यक्रम में मुख्य अभियंता श्री संजीव कंसल, अति. मुख्य अभियंता राजेश्वरी रावत, श्री एल.एन. सूर्यवंशी, श्री सुनील सरना एवं वरि. मुख्य रसायनज्ञ श्रीमती मालती जोशी उपस्थित थी। कार्यक्रम का संचालन कार्यपालन अभियंता श्री पन्ना लाल साहू एवं आभार प्रदर्शन अधीक्षण अभियंता (मा.संसा.) श्री देवी शंकर राय द्वारा किया गया।



श्री अनुराग श्रीवास्तव एवं श्री अंबल मसीह - अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह (एबीवीटीपीएस) मड़वा से जनवरी माह में अनुभाग अधिकारी श्री अनुराग श्रीवास्तव एवं फार्मासिस्ट अंबल मसीह सेवानिवृत्त हुए। सेवानिवृत्त हो रहे दोनों कर्मचारियों को पॉवर कंपनी परिवार की ओर से भावपूर्ण विदाई दी गई। कार्यक्रम के अध्यक्ष मुख्य अभियंता श्री एचएन. कोसरिया के हाथों सेवानिवृत्त कर्मचारियों को स्मृतिचिन्ह व सेवा प्रमाण-पत्र भेंट किया गया।



श्री रमेश कुमार गोपाल एवं श्री हेमलाल ठाकुर - अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह (एबीवीटीपीएस) मड़वा से नवंबर माह में वरिष्ठ पर्यवेक्षक श्री रमेश कुमार गोपाल एवं श्री हेमलाल ठाकुर सेवानिवृत्त हुए। सेवानिवृत्त हो रहे दोनों कर्मचारियों को पॉवर कंपनी परिवार की ओर से भावपूर्ण विदाई दी गई। कार्यक्रम के अध्यक्ष मुख्य अभियंता श्री एचएन. कोसरिया के हाथों सेवानिवृत्त कर्मचारियों को स्मृतिचिन्ह व सेवा प्रमाण-पत्र भेंट किया गया। समारोह में विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त मुख्य अभियंता सर्वश्री आलोक लकरा, एसडी. द्विवेदी, आरएल. ध्रुव, आरके. साव और एन. लकरा की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन कल्याण अधिकारी श्री आरएस. टेकाम द्वारा किया गया।



श्री बजरंग लाल चंद्रा, श्री घनश्याम प्रसाद साहू, श्री बलवंत सिंह, श्री प्रसाद - हसदेव ताप विद्युत गृह (एचटीपीएस) कोरबा पश्चिम से माह दिसंबर में कनिष्ठ पर्यवेक्षक श्री बजरंग लाल चंद्रा व श्री घनश्याम प्रसाद साहू, संयंत्र सहायक श्रेणी-एक श्री बलवंत सिंह, संयंत्र परिचारक श्रेणी-दो श्री प्रसाद सेवानिवृत्त हुए। कार्यक्रम में मुख्य अभियंता श्री एचके. सिंह के हाथों सेवानिवृत्त कर्मचारियों को स्मृतिचिन्ह व सेवा प्रमाण-पत्र भेंट किया गया।



श्री शैलेश गुप्ता, श्री रमेश कुमार जैस, श्री मदन मोहन पांडेय, श्री ठाकुर राम बरेठ, श्री दिलीप कुमार दीवान और श्रीमती कुसमा देवी राय - हसदेव ताप विद्युत गृह (एचटीपीएस) कोरबा पश्चिम से माह जनवरी में अधीक्षण अभियंता श्री शैलेश गुप्ता, वरिष्ठ पर्यवेक्षक श्री रमेश कुमार जैस, श्री मदन मोहन पांडेय, कनिष्ठ पर्यवेक्षक श्री ठाकुर राम बरेठ, श्री दिलीप कुमार दीवान और दफ्तरी श्रीमती कुसमा देवी राय सेवानिवृत्त हो गई। सेवानिवृत्त हो रहे अधिकारी व कर्मचारियों को पॉवर कंपनी परिवार की ओर से भावपूर्ण विदाई दी गई। कार्यक्रम के अध्यक्ष मुख्य अभियंता श्री एचके. सिंह के हाथों सेवानिवृत्त कर्मचारियों को स्मृतिचिन्ह व सेवा प्रमाण-पत्र भेंट किया गया।



श्री आर.एल. सिन्हा - माह दिसम्बर में कोंडागांव में कार्यपालन अभियंता श्री आर.एल. सिन्हा के अधिवार्षिकी पूर्ण होने पर कार्यालय जगदलपुर में भावभीनी विदाई दी गई। कार्यपालन निदेशक श्री टीके मेश्राम ने शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सेवानिवृत्त अधिकारी को सम्मानित किया। इस अवसर पर अति-मुख्य अभियंता श्री एके गुप्ता, अधीक्षण अभियंता श्री सूर्यवंशी, कार्यपालन अभियंता श्री साव एवं श्री पीवी राजेश उपस्थित थे।

देयान पात्रे



हसदेव ताप विद्युत गृह, कोरबा पश्चिम में कार्यालय— अधीक्षण अभियंता (मा. संसा) में पदस्थ प्रशासनिक अधिकारी श्री अनूप कुमार पात्रे के पुत्र देयान ने अंतरराष्ट्रीय काता स्पर्धा में सब-जूनियर स्तर पर सिल्वर मेडल जीतकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। देयान 30 जनवरी से 01 फरवरी को विशाखापट्टनम (आंध्रप्रदेश) में आयोजित नौवें ऑल स्टाइल इंटरनेशनल अंतरराष्ट्रीय कराटे स्पर्धा में शामिल होकर लौटा है। देयान, अमलीडीह, रायपुर स्थित सेंट जोसेफ सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा सातवीं का छात्र है। हार्दिक बधाई...

निखिल साहा



अटलबिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह मड़वा में अधीक्षण अभियंता के पद पर पदस्थ श्री एन. साहा एवं श्रीमती दीपा साहा के पुत्र श्री निखिल साहा यूपीएससी की इंजीनियरिंग सर्विस परीक्षा-2025 में देश में नौवीं रैंक हासिल की है। इससे पहले निखिल साहा के नाम पर गेट 2022 में मैकेनिकल ब्रांच में ऑल इंडिया रैंक वन हासिल करने का रिकॉर्ड है। गेट में मिली सफलता के बाद उनकी नियुक्ति ओएनजीसी में हुई थी। वे आईआईटी भुवनेश्वर से बीटेक व एमटेक किये है। हार्दिक बधाई...

मास्टर आरव गुप्ता एवं अंशिका गुप्ता



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी के कार्यालय ईआईटीसी में पदस्थ श्री अमित कुमार गुलहरे उपमहाप्रबंधक (आईटी) के पुत्र मास्टर आरव गुप्ता ने 4 जनवरी 2026 को यूसीएमएएस संगठन द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय अबेकस एवं मेंटल अरिथमेटिक प्रतियोगिता में दूसरी बार "चैंपियन ऑफ चैंपियंस" की प्रतिष्ठित ट्रॉफी प्राप्त की एवं पुत्री अंशिका गुप्ता द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए चैंपियन ट्रॉफी जीता गया। हार्दिक बधाई।



डॉ. सिद्धार्थ साहू



अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह, मड़वा में कार्यालय-मुख्य अभियंता (उत्पा.) में पदस्थ स्टाफ ऑफिसर श्री अजय कुमार साहू एवं श्रीमती राधा साहू के मंझले पुत्र डॉ. सिद्धार्थ साहू ने नीट-एस.एस. में ऑल इंडिया रैंक 412 प्राप्त कर एस.एम.एस. हॉस्पिटल, जयपुर (राजस्थान) में एम.सी.एच (यूरोलॉजी) में प्रवेश प्राप्त करने में सफल हुए। हार्दिक बधाई...

गजेंद्र सिंह राठौर



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के कार्यालय 400 केवी सबस्टेशन रायता में पदस्थ कनिष्ठ अभियंता श्री गजेंद्र सिंह राठौर ने पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर से पीएचडी की उपाधि प्राप्त की। बैटरी एनर्जी स्टोरेज बेस्ड सिस्टम की मॉडलिंग, सिमुलेशन और इम्प्लीमेंटेशन पर उनके रिसर्च वर्क के लिए उन्हे डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (पीएचडी) की उपाधि मिली है। हार्दिक बधाई।

कु. रिदिमा ठाकुर



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी के कार्यालय मुख्य अभियंता-ईंधन प्रबंधन में पदस्थ अधीक्षण अभियंता श्रीमती चंद्रप्रभा ठाकुर की सुपुत्री कु. रिदिमा ठाकुर (उम्र मात्र 12 वर्ष) द्वारा किताब लिखा गया जिसका शीर्षक है 'फिस्टिंग इन द ओपन स्काई'। यह किताब भ्रमण पर आधारित है एवं अमेज़ॅन के लिंक पर भी उपलब्ध है। किताब का प्रकाशन ब्रिक बुक द्वारा किया गया है। कु. रिदिमा आर.के.साडा स्कूल की छात्रा है। हार्दिक बधाई।

डॉ. चंचल टण्डन



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के औषधालय डंगनिया रायपुर में कार्यरत श्री एच.एल टण्डन, फार्मासिस्ट की सुपुत्री डॉ. चंचल टण्डन ने नीट पीजी (NEET PG) 2025-26 की परीक्षा मे उत्कृष्ट रैंक हासिल की। डॉ. चंचल को अखिल भारतीय कोटे से पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर में एम. डी. (जनरल मेडिसिन) की सीट प्राप्त करने तथा उज्जवल भविष्य के लिए बहुत-बहुत बधाई .....

दो पहियों पर मेरी यात्रा एक आजीवन जुनून



मैं भिलाई, छत्तीसगढ़ का निवासी हूं. वर्ष 1986 में मैंने तत्कालीन मध्य प्रदेश विद्युत मंडल में कनिष्ठ आशुलिपिक (Junior Stenographer) के रूप में सेवा प्रारंभ की तथा अविभाजित मध्य प्रदेश में एचटीपीएस, कोरबा वेस्ट में पदस्थ हुआ।

मेरी सवारी का शौक किशोरावस्था में ही शुरू हो गया था, जब मैंने पहली बार स्कूटर चलाना सीखा। शीघ्र ही मैं मोटरसाइकिल की ओर आकर्षित हुआ और विशेष रूप से रॉयल एनफील्ड बुलेट से लगाव हो गया। वर्ष 1991 में मैंने अपनी पहली मोटरसाइकिल एक सेकेंड हैंड रॉयल एनफील्ड बुलेट खरीदी। उसे चलाने का अनुभव मेरे लिए अत्यंत आनंददायक था। शुरुआत में मैंने कोरबा के आसपास छोटी-छोटी यात्राएँ की और धीरे-धीरे मित्रों के साथ भिलाई तक की यात्राएँ करने लगा। इन्हीं यात्राओं ने मुझे भारत की विशाल प्राकृतिक सुंदरता और सांस्कृतिक विविधता को दो पहियों पर देखने के लिए प्रेरित किया।

वर्ष 1991 के अंतिम चरण में, उत्साही मित्रों के साथ मिलकर मैंने VOX:PAX Expedition Club, Korba West Bank (MPEB) की स्थापना में सहयोग किया। हमने मिलकर एचटीपीएस, कोरबा वेस्ट से कन्याकुमारी, वहाँ से दिल्ली और पुनः वापसी तक की एक महत्वाकांक्षी मोटरसाइकिल यात्रा की योजना बनाई।

यह सपना 26 जनवरी 1992, भारत के 43वें गणतंत्र दिवस पर साकार हुआ, जब हम चार साथियों श्री कुरियन फिलिपोज़ एवं श्री एस. आर. कुमार (तत्कालीन कनिष्ठ आशुलिपिक, वर्तमान में स्टाफ ऑफिसर), तथा श्री विजय तिवारी और श्री अनिमेष पाशीने (तत्कालीन फार्मासिस्ट, एचटीपीएस, कोरबा वेस्ट) ने "राष्ट्रीय शांति एवं एकता" तथा "विद्युत बचाओ" के संदेश के साथ इस अभियान की शुरुआत की। इस यात्रा को एचटीपीएस खेल मैदान से तत्कालीन मुख्य अभियंता (उत्पादन) श्री एस. के. जुत्शी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर तत्कालीन अतिरिक्त मुख्य अभियंता (सिविल) श्री पी. सी. मंडलोई सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

हमने अपनी 100 सीसी मोटरसाइकिलों एक कावासाकी बजाज और एक हीरो होंडा से बस्तर, विशाखापट्टनम (बंगाल की खाड़ी के तटवर्ती मार्ग से), नंद्याल, पांडिचेरी, रामेश्वरम और कन्याकुमारी तक यात्रा की। वहाँ से हम केरल, कोयंबटूर, कोडाईकनाल, ऊटी, मैसूर और बेंगलुरु होते हुए अरब सागर के तटवर्ती मार्ग से पणजी (गोवा), पुणे, मुंबई, दमन एवं दीव, सूरत, जयपुर और आगरा से गुजरते हुए 2 मार्च 1992 को नई दिल्ली पहुंचे।

दिल्ली में एक दिन विश्राम के बाद हम झांसी, ग्वालियर, सागर और खैरागढ़ होते हुए 11 मार्च 1992 को कोरबा वेस्ट लौटे और इस अभियान को सफलतापूर्वक पूर्ण किया। यह यात्रा रोमांच और साहस से भरपूर थी। अनेक स्थानों पर लोगों ने हमारे उद्देश्य के प्रति जिज्ञासा दिखाते हुए हमारा आत्मीय स्वागत किया। यह अभियान बिना किसी दुर्घटना या चोट के सुरक्षित रूप से संपन्न हुआ केवल कुछ पंचर हुए, जिन्हें हमने स्वयं ठीक किया।

इस महत्वपूर्ण अभियान के बाद भी में समय-समय पर छोटी यात्राएँ करता रहा। जुलाई 2015 में मैंने मनाली से लद्दाख तक रॉयल एनफील्ड मोटरसाइकिल से खारदुंग ला और पैंगोंग झील को कवर करते हुए एक लंबी दूरी की यात्रा पूरी कर अपने जुनून को पुनः जीवंत किया।

तब से मैं रायपुर के राइडिंग समूहों से जुड़कर छत्तीसगढ़ के भीतर और बाहर विभिन्न स्थलों की यात्राएँ करता रहा हूँ। मेरी कुछ यादगार यात्राओं में मैनपाट, चिंगरा-पागर जलप्रपात (गरियाबंद), कांगेर घाटी एवं चित्रकोट (बस्तर), नाकिया और गोल्डन आइलैंड (कोरबा), कान्हा-किसली एवं अमरकंटक (मध्य प्रदेश), देव हिल्स (ओडिशा), तथा नागझिरा अभयारण्य और बोदलकाशा झील (महाराष्ट्र) शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, मैंने कई एक दिवसीय यात्राएँ भी की हैं, जिनकी दूरी एक ओर से 200 किलोमीटर से अधिक रही है।

आज 62 वर्ष की आयु में, जब में सेवानिवृत्ति के निकट हूँ, मेरा यह जुनून पहले की ही तरह प्रबल है। मैं आज भी अपनी रॉयल एनफील्ड चलाता हूँ और आने वाले वर्षों में अनेक नई यात्राओं की प्रतीक्षा कर रहा हूँ।

मैं संगठन के युवा साथियों को यह प्रेरणा देना चाहता हूँ कि वे यात्रा और अन्वेषण को अपने जीवन का एक जुनून बनाएं। नए स्थानों की यात्रा करना, लोगों से मिलना और विविध संस्कृतियों का अनुभव करना आत्मविश्वास, आनंद और जीवन के प्रति व्यापक दृष्टिकोण प्रदान करता है। "सही समय" की प्रतीक्षा करने की आवश्यकता नहीं होती जुनून, योजना और दृढ़ संकल्प से साधारण यात्राएँ भी जीवनभर की यादों में बदल सकती हैं।

▪ श्री कुरियन फिलिपोज



मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कॉफी टेबल बुक 'ऊर्जावान छत्तीसगढ़' का किया विमोचन

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने नवीन विधानसभा परिसर स्थित मुख्यमंत्री कार्यालय में रजत महोत्सव विशेष छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज़ द्वारा प्रकाशित 'ऊर्जावान छत्तीसगढ़' कॉफी टेबल बुक का 14 दिसम्बर 2025 को विमोचन किया गया। यह कॉफी टेबल बुक छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना तथा छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल एवं उसकी उत्तरवर्ती पॉवर कंपनियों की 25 वर्षों की गौरवमयी यात्रा, उपलब्धियों और विकास गाथा पर आधारित है।



मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि यह कॉफी टेबल बुक छत्तीसगढ़ में ऊर्जा क्षेत्र में हुए ऐतिहासिक परिवर्तनों, अधोसंरचना विकास, नवाचारों और जनसेवा आधारित कार्यों का सजीव दस्तावेज है। कॉफी टेबल बुक में छत्तीसगढ़ राज्य ने ऊर्जा क्षेत्र में सुदृढ़ नियोजन, आधुनिक तकनीक और उपभोक्ता-केंद्रित दृष्टिकोण के साथ उल्लेखनीय उपलब्धियों को शामिल किया गया है और सुपर क्रिटिकल थर्मल पॉवर प्लांट की स्थापना से लेकर 32 हजार मेगावाट विद्युत उत्पादन क्षमता, कोयला खनन के सुदृढ़ संचालन और राज्यव्यापी पारेषण- वितरण ढांचे के विस्तार तक बिजली क्षेत्र में व्यापक सुधार को प्रदर्शित किया गया है।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने इस अवसर पर छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज़ की टीम को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने ऊर्जा क्षेत्र में कार्यरत अधिकारियों और कर्मचारियों के समर्पण, प्रतिबद्धता और योगदान की सराहना की। इसके संपादक अतिमहाप्रबंधक जनसंपर्क श्री उमेश कुमार मिश्रा हैं। संपादन सहयोग प्रबंधक श्री गोविंद पटेल एवं प्रकाशन अधिकारी श्रीमती अनामिका मंडावी ने किया है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव एवं अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी श्री सुबोध कुमार सिंह, ऊर्जा सचिव एवं अध्यक्ष छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन तथा डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी डॉ. रोहित यादव, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत पारेषण कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री राजेश कुमार शुक्ला, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री भीम सिंह कंवर सहित वरिष्ठ अधिकारी श्री जे.एस. नेताम, श्री संजीव सिंह एवं श्री आशुतोष जायसवाल उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री बिजली बिल

समाधान योजना 2026

छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 25 वर्षों का उत्सव वर्षों का संकल्प



- 12 मार्च 2024 को मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने की शुरुआत
- 28 लाख से अधिक उपभोक्ताओं को लाभ
- ₹758 करोड़ तक की छूट (मूल राशि + अधिभार)
- कोरोना महामारी के दौरान बकाया हुए बिलों पर मिलेगी राहत
- निम्न दाब घरेलू, बीपीएल व कृषि उपभोक्ताओं को फायदा
- 30 जून 2024 तक मोर बिजली ऐप, वितरण केंद्र व शिविरों में पंजीयन की सुविधा



सुशासन सरकार की जनहितकारी पहल

CSPGCL CSPTCL CSPDCL

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज़ द्वारा जारी

CHHATTISGARH STATE POWER COMPANIES

- CS Power Companies | - cs_power_companies | - @cspwrCompanies | - CS POWER Companies